दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 55
कोटद्वार शुक्रवार
16 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## बदरीनाथ से लौट रही यात्रियों की बस चमधार में पलटी, 23 घायल, एक गंभीर

**श्रीनगर गढ़वाल** : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धारी देवी के समीप चमधार में तीर्थ यात्रियों से भरी बस पलट गई। जिसमें बस का परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि 23 अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। घायलों में 18 महिलाएं व 6 पुरुष शामिल हैं। बस में कुल 29 यात्री सवार थे। सभी यात्री राजस्थान के जयपुर से चारधाम यात्रा पर आए थे। बदरीनाथ से जयपुर को लौटते हुए यह हादसा हुआ। गुरुवार को दोपहर के समय बदरीनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे राजस्थान जयपुर के यात्रियों की बस के चमधार में ब्रेक फेल हो गए। जिससे बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। स्थिति को देखते हुए चालक ने सूझ–बूझ का परिचय देते हुए बस को मुख्य राजमार्ग से चमधार-देवलगढ़ मोटर मार्ग की तरफ मोड़ दिया

यहां पर करीब 100 मीटर आगे पहाड़ी से टकरा गई। जिससे बस सड़क पर ही पलट गई। इस दुर्घटना में रोहताश कुमार (32) पुत्र रामकरण प्रजापति निवासी राजगढ़ थाना अलवर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि 23 अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति बस का परिचालक है। ब्रेक फेल होने पर बस पलटने से पहले ही वह बस से कूद गया। इस घटना में चालक की सूझ-बूझ से सभी यात्रियों की जान बच गई। घायलों को अस्पताल के डॉक्टरों व कर्मियों की ओर से बेहतर उपचार दिया गया। (एजेंसी)

## महापंचायत को लेकर हाईकोर्ट ने सरकार को दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश, टीवी डिबेट व सोशल मीडिया पर रोक

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी में 15 जून को धार्मिक संगठनों द्वारा बुलाई गई महापंचायत पर रोक लगाने की जनहित याचिका पर आज सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायधीश विपीन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि इस तरह के मामलों में सरकार सख्ती से विधि अनुसार कार्यवाई करे।



साथ ही कहा कि कोई टीवी डीबेट नहीं होगी न ही सोशल मीडिया का उपयोग किया जाएगा। कहा कि जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है पुलिस उसकी जांच करे। साथ ही राज्य सरकार इस मामले में तीन सप्ताह के भीतर जवाब पेश करे।

बता दें कि एसोसिएशन फॉर द प्रोटक्शन ऑफ सिविल राइट्स के सदस्य अधिवक्ता शाहरुख आलम ने बुधवार को महापंचायत पर रोक लगाने को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। बताया कि उन्होंने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की अवकाश कालीन खंडपीठ के समक्ष अपील की थी। लेकिन सुप्रीम की पीठ से इस याचिका को सुनने से इंकार करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को कहा। जिस पर नैनीताल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश ने इस याचिका को सुनने की मंजूरी दे दी थी।

शाहरुख आलम ने कोर्ट को बताया कि पुरोला की एक नाबालिग लड़की को दो युवकों द्वारा बहला फुसलाकर भगाने के बाद पुरोला में सांप्रदायिक तनाव बना हुआ है। हालांकि आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं । इसके बाद पुरोला से धर्म विशेष की दुकानों को खाली कराया जा रहा है और उन दुकानों के बाहर धार्मिक संगठन ने चेतावनी भरे पोस्टर लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आशंका है कि महापंचायत हुई तो वहां धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा 'हेट स्पीच' दी जा सकती है। जिससे सांप्रदायिक माहौल खराब हो सकता है।

## ऊखलेत चमासू के जंगल धूं-धूं कर जले

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : गर्मी बढ़ते ही जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ती जा रही है। वनों में आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। तहसील सतपुली के उखलेत चमासू के जंगलों में गुरुवार की दोपहर भीषण आग लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल, राजस्व व वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

उखलेत चमासू के जंगलों में गुरुवार की दोपहर भीषण आग लग गई। स्थानीय ग्रामीण पूर्व प्रधान चमासू प्रताप सिंह द्वारा आग की सूचना प्रशासन को दी गई, जिसके बाद राजस्व, वन विभाग व पौड़ी से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। जिसके बाद शाम लगभग पांच बजे तक आग पर काबू पाया गया। इससे पहले पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टाफ व स्थानीय ग्रामीणों ने आग को बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। पूर्व प्रधान चमासू प्रताप सिंह ने बताया कि यह आग आस पास के गांव के ग्रामीण घसेरी में असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई है। इससे पहले भी असामाजिक तत्वों द्वारा कई बार जंगलों में आग लगाई गई है।

## दिल्ली पुलिस से बृज भूषण शरण सिंह को मिली क्लीन चिट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के अधिकारी पहलवानों के मामले में चार्जशीट लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। चार्जशीट अपर मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में दाखिल की गई है । इस चार्जशीट में सांसद बृजभूषण शरण सिंह को क्लिन चिट मिल गई है ।

आपको बता दे कि दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीडऩ के आरोपों के आधार पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ अप्रैल में दो अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज की थी।

पहली प्राथमिकी एक नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत दायर की गई है।

दूसरी प्राथमिकी वयस्क शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई शिकायतों की व्यापक जांच पर केंद्रित है और इसमें यौन प्रताडऩा से संबंधित आईपीसी की प्रासंगिक धाराएं लगाई गई हैं ।दिल्ली पुलिस ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि पॉक्सो मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिला।







# देश का प्रथम गांव माणा पाइलेट प्रोजेक्ट के तौर पर विकसित होगा, मास्टर प्लान बनाने की कवायद शुरू



चमोली : बाइब्रेंट विलेज माणा को मास्टर प्लान के तहत पाइलेट प्रोजेक्ट के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए देश के प्रथम गांव माणा का मास्टर प्लान बनाने की कवायत भी शुरू हो गई है। इसके तर्ज पर ही जनपद के अन्य बाइब्रेंट विलेजों को भी विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को जीएमवीएन बदरीनाथ में आईएनआई के डिजाइन कंसल्टेंट सहित जनपद के सभी रेखीय विभागों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि माणा गांव में विद्युत, पेयजल लाईन, रास्ते, सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवरेज सिस्टम, दूरसंचार एवं अपने विभाग से संबधित अन्य मौजूदा परिसंपत्तियों का पूरा सर्वेक्षण करें और शहरी विकास विभाग के मानकों की तर्ज पर आगामी 25 वषी की जरूरतों को मध्येनजर रखते हुए इसका पूरा डेटा शीघ्र उपलब्ध करें। ताकि माणा गांव में मास्टर प्लान के तहत काम शुरू किया जा सके। उन्होंने विद्युत विभाग को पावर स्टेशन, सब स्टेशन, अंडर लाईन केबल विछाने, जल संस्थान को पेयजल की आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम, सिचाई विभाग को सरस्वती व अलकनंदा का जल स्तर, एवलांच की स्थिति का विस्तृत सर्वेक्षण करने को कहा। साथ दूरसंचार संस्थान बीएसएनएल, जिओ व एयरटेल को नेटवर्क की मौजूदा क्षमता एवं भविष्य की जरूरत के हिसाब से संचार सुविधा को सुदृढ़ करने के निर्देश। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमीनिटी सेंटर, शेष नेत्र झील, मंदिर सौन्दर्यीकरण आदि कायी का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कायी को प्राथमिकता पर रखते हुए मास्टर प्लान के तहत संचालित सभी निर्माण कायी को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा किया जाए। बद्रीनाथ धाम में बीआरओ बाईपास, लूप रोड़, सिविक एमीनिटी सेंटर, लेक सौन्दर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। वही रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, अराइवल प्लाजा, अस्पताल विस्तारीकरण तथा मंदिर सौन्दर्यीकरण के कार्य तेजी से किए रहे है।

## यूसर्क का शिक्षकों के लिए साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

देहरादून। यूसर्क द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों के लिए साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसका आयोजन डाल्फिन संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। यूसर्क निदेशक प्रो. (डॉ.) अनीता रावत ने कहा कि यूसर्क द्वारा शिक्षकों में एक्सपीरियन्स लर्निंग एबिलिटी बढ़ाने, शोध संसाधनों को सुलभ बनाने, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इसे शुरू किया गया है। मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी आफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी स्टडीज के कुलाधिपति प्रो. (डॉ.) सुनील राय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों में प्रयोगात्मक दक्षता को बढ़ाते हैं। डाल्फिन संस्थान के चैयरमैन अरविन्द गुप्ता ने कहा कि उनके संस्थान में उपलब्ध विभिन्न आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा।

## डॉ.राजेंद्र डोभाल बने एसआरएचयू के कुलपति

ऋषिकेश। डॉ. राजेन्द्र डोभाल ने स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) के कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वह विश्वविद्यालय में स्ट्रेटजिक प्लानिंग एवं रिसर्च–डेवलेपमेंट विभाग में बतौर डायरेक्टर अपनी सेवाएं दे रहे थे। वह उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद उत्तराखंड (यूकॉस्ट) के महानिदेशक भी रह चुके हैं। कुलाधिपति डॉ.विजय धस्माना ने उनका स्वागत किया। साथ ही भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. डोभाल के अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय को मिलेगा। डॉ. राजेंद्र डोभाल एक वैज्ञानिक हैं। उत्तराखंड में आने से पूर्व वह मध्य प्रदेश सरकार में वैज्ञानिक सलाहकार थे। इसके अतिरिक्त वह राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भी रह चुके हैं। उत्तराखंड विज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान केंद्र (यूसर्क), उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (यूसेक) तथा उत्तराखंड राज्य जैव प्रौद्योगिकी बोर्ड की स्थापना तथा इन संस्थानों के संस्थापक निदेशक एवं सलाहकार वैज्ञानिक होने की उपलब्धी भी डॉ. राजेन्द्र डोभाल के नाम है। दून में विज्ञान धाम, रीजनल साइंस सेंटर की स्थापना तथा देश की पांचवी सांइस सिटी लाने का श्रेय भी डॉ. डोभाल को जाता है। डोभाल के निर्देशन में राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में 250 से अधिक रिसर्च प्रोजेक्टों पर कार्य चल रहा है। डा. डोभाल की 40 तकनीक रिपोर्ट्स, 12 पुस्तकें तथा 150 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रकाशनों में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. डोभाल ने कहा कि वह विश्वविद्यालय के जनसेवा के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इसके अलावा शिक्षा, शोध व नवाचार पर उनका विशेष फोकस रहेगा।

## कविता में महक तो गीत गायन में अनुष्का ने मारी बाजी



चमोली : केन्द्रीय विद्यालय सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम में जी-20 क्रियाकलापों के अंतर्गत कविता एवं गीतगायन प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक की छात्र-छात्राओं ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। छात्रों ने देशभक्ति और लोक संस्कृति विषय पर कविताओं एवं गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कविता प्रतियोगिता में महक रावत, मिनल, पथेन्द्र गड़िया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा गीत गायन प्रतियोगिता में अनुष्का, शिवानी, माही ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती अनीता बिष्ट ने अपने उद्बोधन से सभी को प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संयोजन देवाशीष प्रधान, विक्रम सिंह वर्मा, विजय सोंलंकी ने किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम ने इस कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त कर सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। डॉ. वेदप्रकाश गर्ग, सोनम शर्मा, अभिषेक, हितेंद्र सिंह, विनय त्यागी, जयदेव, प्रवीन सुमित, कुंवर सिंह आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## जंगल टूरिज्म को बढ़ावा देने में सहायक होगी पौधरोपण योजना

ऋषिकेश। राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान खदरी के समीप नमामि गंगे योजना के तहत वर्ष 2020 में करीब 10 हेक्टेयर भूमि में तैयार पौधरोपण वनीकरण क्षेत्र का निरीक्षण विभागीय टीम ने किया। रोपित पौधों के पेड़ के रूप में खड़ा होने पर टीम ने हर्ष जताया। इस दौरान पर्यावरणविद् विनोद जुगलान ने कहा कि इससे क्षेत्र में जंगल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। गुरुवार को वन दरोगा मनसा राम गौड़ के नेतृत्व में विभागीय टीम खदरी पौधरोपण वनीकरण क्षेत्र में पहुंची और स्थलीय निरीक्षण कर दो साल पहले रोपे गए पौधों की स्थिति का जायजा लिया। 10 हेक्टेयर भूमि में रोपे गए पौधे अब पेड़ के रूप में खड़े मिले। पर्यावरणविद् विनोद जुगलान ने बताया कि डीएम और प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देश पर यहां एक दर्जन से अधिक जंगली प्रजाति के 10 हजार पौधे लगाए गए थे। बताया कि यहां नवाचार के तहत शीशम का बीज भी बोया था, इसका सकारात्मक परिणाम आया है।

## श्रद्धालुओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता अक्षम्य होगी



रुद्रप्रयाग : बद्रीनाथ केदारनाथ मन्दिर समिति के कार्याधिकारी (सीईओ) योगेन्द्र सिंह एवं केदारनाथ यात्रा सुरक्षा व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विमल रावत ने संयुक्त रूप से केदारनाथ धाम यात्रा सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर बीकेटीसी सहित पुलिस कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये केदारनाथ धाम आया हरेक श्रद्धालु हमारा अतिथि है, ऐसे में हमारे स्तर से इनके साथ अतिथि देवो भवः की भावना के साथ व्यवहार कर उन्हें सुगम व सुरक्षित यात्रा का अहसास दिलाये जाने के हिसाब से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये। केदारनाथ धाम सहित यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के साथ की गयी किसी भी प्रकार की अभद्रता की शिकायत अक्षम्य होगी, इस हेतु यदि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, इस सम्बन्ध में तत्काल सम्बन्धित पुलिस चौकी के स्तर पर सूचना देकर आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। श्रद्धालुओं की सुगम व सरल दर्शन व्यवस्था हेतु मन्दिर परिसर सहित सम्पूर्ण लाइन व्यवस्था को प्रभावी तरीके से संचालित कराया जाये। पैदल मार्ग से धाम तक पहुंचा हुआ श्रद्धालु काफी थका हुआ रहता है, ऐसे में उनकी यथासम्भव मदद किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रचलित यात्रा काल में श्रद्धालुओं की हरेक प्रकार की मदद की जा रही है,

### एक नजर

#### किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। किशोरी से दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पिता और चाचा अभी फरार चल रहे हैं। सहारनपुर चौक क्षेत्र में दो दिन पहले किशोरी ने घर में आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के भाई ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस के अनुसार, सहारनपुर चौक के समीप एक घर में सोमवार रात एक किशारी की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी। उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला था। इस मामले में किशोरी के भाई ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। उसका आरोप था कि शादाब नाम के युवक ने अपने पिता और चाचा के साथ मिलकर किशोरी का शोषण किया। जिससे परेशान होकर उसकी बहन ने आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने छानबीन करते हुए गुरुवार को शादाब पुत्र इकराम निवासी ग्राम गंदेवादा थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी ब्रह्मपुरी लोहिया नगर माजरा थाना पटेल नगर को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

#### किसी भी हाल में नहीं होगी महापंचायतः एसएसपी

देहरादून। पुरोला उत्तरकाशी में चल रहे घटनाक्रम के बीच मुस्लिम सेवा संगठन की ओर से 18 जून को दून में प्रस्तावित महापंचायत को लेकर पुलिस और प्रशासन हाई अलर्ट पर है। देहरादून के एसएसपी डीआईजी दलीप सिंह कुंवर का कहना है कि किसी भी हाल में महापंचायत नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। डीआईजी कुंवर ने बताया कि पुरोला की घटना को लेकर दून में मुस्लिम सेवा संगठन ने महापंचायत का ऐलान किया है। इसको लेकर समाज के लोगों से कई दौर की वार्ता हो चुकी है। बुधवार रात करीब एक बजे तक इस संबंध में बातचीत हुई। संगठन के लोगों की पुलिस महानिदेशक से भी मिल चुके हैं।

# पेयजल किल्लत से परेशान लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी की



नई टिहरी : चंबा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या सात बुरांशबाड़ी में पेयजल व्यवस्था ठीक करने की मांग को लेकर वार्ड के लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी की। कहा जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

गुरुवार को डीएम दफ्तर के बाहर पेयजल व्यवस्था सुचारु करने की मांग को लेकर बुरांशबाड़ी के लोगों जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी की और डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसके बाद सभी लोग जल संस्थान के दफ्तर पहुंचे और अधिशासी अभियंता के समक्ष अपनी समस्या रखी। वार्ड सभासद शाक्ति प्रसाद जोशी ने कहा कि बुरांशबाड़ी वार्ड में रोटेशन के मुताबिक पानी की आपूर्ति न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि लोगों द्वारा पेयजल बिल का भुगतान नियमित रुप से किया जा रहा है। कहा कि पेयजल किल्लत के चलते लोगों को पानी के लिये इधर–उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा जल्द पेयजल से संबधिंत समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो बुरांशबाड़ी के लोग जल संस्थान दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन शुरु करेंगे। मांग करने वालों में कुंवर सिंह असवाल, विजेंद्र नेगी, ममता लेखवार, देवेन्द्र कैंतुरा, सुषमा चमोली, लक्ष्मी देवी, वीरा देवी सुनीता भंडारी, सरोजनी देवी, चंद्रमा देवी, अन्नू बेलवाल, रोशनी सजवाण, बुद्धी सजवाण, रीना बिजल्वाण, शैलेन्द्र भंडारी, मदनलाल डबराल, नत्थी सिंह मखलोगा, बबली देवी, राहुल नेगी, राजपाल कुंवर आदि मौजूद थे। उधर, जल संस्थान के ईई सतीश चंद्र नौटियाल ने लोगों को अश्वासन दिया कि जल्द बुरांशबाड़ी में पेयजल व्यवस्था को दुरस्त कर दिया जाऐगा। (एजेंसी)

## पहाड़ी गिरकर मजदूर गंभीर घायल

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग के कुनैन रेंज वन निगम के लॉट पर काम कर रहा एक मजदूर पहाड़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को उपचार के लिए सीएचसी चकराता ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गुरुवार दोपहर नेपाली मूल का मजदूर बबलू थापा निवासी कुनैन चकराता वन निगम के लॉट पर कार्य कर रहा था, उसी दौरान वह अनियंत्रित होकर अचानक पहाड़ी से नीचे गिर गया। जिसके चलते मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में काम कर रहे अन्य मजदूरों ने इसकी सूचना 108 को दी। 108 आपातकालीन वाहन से मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर भेज दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. विपिन तोमर ने बताया घायल मजदूर को गंभीर अंदरूनी चोटें लगी है।

## ग्रामीणों ने टीसीएमएस राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य रुकवाया

विकासनगर। त्यूणी–चकराता– मसूरी–मलेथा (टीसीएमएस) राष्ट्रीय राजमार्ग पर हो रहे डामरीकरण के कार्य में घटिया गुणवत्ता और अनियमितता का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगो ने गुरुवार को प्रदर्शन कर निर्माण कार्य रुकवा दिया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि शुक्रवार तक सक्षम अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने पर निर्माण कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा। टीसीएमएम राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन दिनों 19 करोड़ की लागत से डामरीकरण का कार्य चल रहा है। स्थानीय बाशिंदों का कहना है निर्माण कार्य घटिया गुणवत्ता का किया जा रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी कार्य की गुणवत्ता नहीं सुधारी जा रही है। वर्तमान में चकराता कैंट क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। गुरूवार को डाक बंगले के समीप घटिया गुणवत्ता का कार्य किए जाने से गुस्साए ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवा दिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान न तो सही तरीके से पॉटहल बनाये जा रहे हैं और न ही डामर बिछाने से पूर्व सड़क की सही तरीके से सफाई की जा रही है। सड़क के किनारे बनाने के लिए रस्सों का उपयोग नहीं किया जा रहा है जिससे पूरी सड़क टेड़ी–मेड़ी बन रही है। इसके साथ ही मिट्टी के ऊप्रर डामर बिछाने से वो सड़क पर चिपक नहीं रहा है। कहा कि सड़क के किनारे नहीं भरने से उसमें भी बड़े–बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहनों को ओवरटेक करने में दिक्कत आती है। बताया कि यह मार्ग स्थानीय बाशिंदों के आवाजाही के साथ ही पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके सुधारीकरण के नाम पर लीपापोती की जा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सक्षम अधिकारी के मौके पर आने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

## डोर टू डोर सफाई कार्य में लापरवाही पर पार्षद नाराज

देहरादून। भाजपा पार्षदों ने गुरुवार को नगर आयुक्त मनुज गोयल ने मुलाकात कर सफाई कार्य, पथ प्रकाश व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताई।

नगर आयुक्त ने डोर टू डोर सफाई कार्य में लापरवाही पर सहायता समूह को नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। भाजपा पार्षद अमिता सिंह, देवेंद्र पाल मोंटी, नंदिनी शर्मा, दर्शन लाल बिंजोला, सतीश कश्यप आदि के नेतृत्व में पार्षदों ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पार्षदों ने कहा कि कई वार्डों में डोर टू डोर गाड़ियां कई कई दिनों बाद आ रही है। नगर आयुक्त ने इस मसले पर सहायता समूहों को नोटिस जारी कर इस विषय को बोर्ड में रखने व पार्षदों की सहमति पर ही निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। पार्षदों ने आयुक्त से विकास कार्यों के लिए जारी किए जाने वाले बीस लाख की राशि को पचास लाख रुपये करने, पार्षदों के लिए कक्ष और एक कंम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था करने, नालों की सफाई बरसात से पहले पूरी करने, खाली पोलों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की भी मांग की।

## स्वच्छता के लिए वृहद जनजागरुकता अभियान

देहरादून। शहरी विकास विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे स्वच्छता सप्ताह के क्रम में गुरुवार को प्रदेश के सभी 102 निकायों में लोगों को गीला और सूखा कूड़ा अलग– अलग एकत्रित करने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों की जानकारी दी गई।

इस दौरान सभी निकायों में श्रमदान के जरिए भी सफाई अभियान संचालित किया गया। प्रमुख सचिव आरके सुधांशु के मुताबिक हाईकोर्ट के निर्देश पर 18 जून को सभी न्यायालय परिसरों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर बृहद स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा, इसमें सभी निकाय पूरा सहयोग देंगे। इस बीच विभाग भी एक सप्ताह तक विभिन्न आयोजनों के जरिए लोगों को स्वचछता के लिए प्रेरित कर रहा है।

## नई शिक्षा नीति का क्रियान्यन एक चुनौती : डंडरियाल



नई टिहरी : केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी नगर में जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रति जागरूकता के लिए जन भागीदारी गतिविधियों के तहत वृहस्पतिवार को नई शिक्षा नीती (एनईपी) पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते डायट के प्राचार्य आरपी डंडरियाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन एक चुनौती है, लेकिन इसे समय के साथ पूरा किया जायेगा। नई शिक्षा नीति में नये बदलावों को प्रभावी करने में समय जरूर लगेगा, लेकिन इसके सुखद परिणाम सामने आयेंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए केवी नया नगर के प्राचार्य प्रदीप चंद्र थपलियाल ने कहा कि देश को जी-20 की अध्यक्षता मिलना गौरव का विषय है। उस पर जी-20 की दो बैठकें जनपद में टिहरी गढ़वाल होना ऐतिहासिक है। इससे टिहरी जनपद का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जायेगा, यहां की संस्कृति की छाप जी-20 देशों के डेलीगेटस की मदद से दूसरे देशों तक पहुंचेगी। पीएम मोदी के प्रयासों से अंतराष्ट्रीय साख के लिए यह एक अहम और मील का पत्थर साबित होने वाला कदम है। कार्यशाला में जी-20 की चर्चा के साथ ही एनईपी के एफएलएन कार्यक्रम पर वृहत कार्यशाला में मुख्य वक्ता दीपक रतूड़ी ने कहा कि एफएलएन एक राष्ट्रीय मिशन है। सभी राज्यों में इसे लांच किया गया है।

# पेयजल किल्लत से जूझ रहे जाटोवाला के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

विकासनगर। बीते पंद्रह दिनों से पेयजल किल्लत से जूझ रहे जाटोवाला के ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। ग्रामीणों ने जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगाते प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदशर्न कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि गांव में ट्यूबवेल और ओवर हेड टैंक निर्माण कार्य चल रहा है। दोनों ही कार्य एक माह पूर्व पूरे हो चुके हैं, लेकिन पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। पाइप खेतों में रखी है, जिससे ग्रामीण खेती का काम भी नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि नई पाइप लाइन बिछाने के नाम पर पुरानी लाइन तोड़ दी गई है, जिससे गांव में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। बताया कि गांव के आस पास कोई हैंडपंप और प्राकृतिक जल स्त्रोत भी नहीं है, जिसके चलते उन्हें चार किमी दूर दूसरे गांव से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। जल संस्थान अधिकारियों से कई बार टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराए जाने की मांग की गई, लेकिन ग्रामीणों की समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा

भीषण गर्मी में चार किमी की पैदल दूरी नापकर पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। सुबह और शाम के पानी की व्यवस्था करने में ही ग्रामीणों का आधा दिन गुजर जाता है।

## श्रद्धा पूर्वक मनाई गई आषाढ़ महीने की संग्रांद

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा आढ़त बाजार के तत्वावधान में आषाढ़ महीने की संग्राद का दिवस कथा–कीर्तन के रूप्र में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। नितनेम के पश्चात हजुरी रागी चरणजीत सिंह ने आसा दी वार का शब्द जो मागहि ठाकुर आपने ते सोई–सोई देवै..का गायन किया। सेवक परिवार द्वारा रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डाले गए। सजे हुए विशेष दीवान में गुरदयाल सिंह हजूरी रागी जत्थे ने "आषाढ़ तपंदा तिस लगै हरि न जिंना पासि.." शब्द का गायन किया। कथा करते हुए पूर्व हेड ग्रंथी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुखदेव सिंह ने कहा कि आषाढ़ का महीना उन लोगों के मन को भी तपिश देता है जो प्रभु भक्ति में नहीं जुड़ते।

# डीजीपी से वार्ता रही बेनतीजा, दून में महापंचायत पर अड़े मुस्लिम संगठन

देहरादून। डीजीपी अशोक कुमार से गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में हुई मुस्लिम संगठनों की वार्ता विफल हो गई है। संगठन दून में 18 जून को महापंचायत करने पर अभी भी कायम हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन ने किसी भी हाल में महापंचायत ना होने देने की बात कही है। वहीं, संगठनों ने पुरोला में संप्रदाय के नाम पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए दोषी लोगों और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग भी डीजीपी से की। मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी ने कहा कि पुरोला में दो युवकों ने एक आपराधिक घटना को अंजाम दिया। दोनों अलग–अलग समुदाय से हैं और दोनों को कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। इसके बाद भी वहां मुस्लिमों को विरोध और उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा। उन्हें पलायन को मजबूर किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने प्रशासन पर भी भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने डीजीपी से कहा कैसे पुलिस एक समुदाय के लोगों की आईडी चेक कर सकती है। यह सिर्फ परेशान करने के लिए किया जा रहा है। इस तरह की पुलिसिंग का जिक्र तो संविधान और कानून में नहीं है,

# हंगामेदार रही बोर्ड बैठक, निगम पर भड़के पार्षद

## प्रेक्षागृह में आयोजित की गई नगर निगम की बोर्ड बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम पर विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने बोर्ड बैठक में खूब हंगामा काटा। पार्षदों का आरोप था कि वार्डों में भेदभाव के साथ निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। इस दौरान बोर्ड बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

गुरुवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में महापौर हेमलता नेगी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। चर्चा से पूर्व ही पार्षद नगर निगम के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करने लगे। पार्षदों का आरोप था कि निगम के कर्मचारी व अधिकारियों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं रहता। पार्षद आशा चौहान ने निगम की ओर से करवाए जा रहे निर्माण कार्यों के जांच की मांग उठाई। कहा कि निर्माण कार्य में अनियमित्ता की शिकायतें लागातार मिल रही हैं। पूर्व में शिकायत के बाद भी अधिकारी समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। पार्षद विपिन डोबरियाल ने जेल में बंद पार्षद कुलदीप काम्बोज को बोर्ड बैठक की सूचना नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त की।



कोटद्वार में आयोजित बोर्ड बैठक में हंगामा करते पार्षद।

कहा कि पार्षदों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, पार्षद सौरभ नौडियाल ने अपने वार्ड में हाई मास्क लाइन न लगाने पर नाराजगी जताई। बोर्ड बैठक में पार्षदों ने पुराने प्रस्तावों पर कार्य नहीं होने पर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि नगर निगम की बोर्ड बैठकें केवल खानापूर्ति ही साबित हो रही हैं।

धरातल पर कार्य नहीं होने से वार्ड वासियों में भी रोष बना हुआ है। नगर निगम बिना बोर्ड बैठकों में पास किए गए कार्यों का भुगतान भी कर रहा है। जबकि, यह निमयों के विरुद्ध है। इस मौके पर नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, पार्षद कमल नेगी, कुलदीप नेगी, गीता नेगी, विपिन डोबरियाल, सोनिया नेगी, कविता मित्तल, अमित नेगी, सुखपाल शाह, पिंकी रावत, जगदीश मेहरा, सूरज कांति, आशा चौहान, अनिल नेगी, दीपक लखेड़ा, ज्योति, निरुबाला खंतवाल, जयदीप नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## निकाय व लोस चुनाव की तैयारियां शुरू करें कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा की ओर से पौड़ी में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। गुरुवार को जिला पंचायत के पुराने सभागार में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजीत तोमर की अध्यक्षता में सम्मेलन हुआ। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए अभी शुरू करने को कहा। भाजपा के जिलामंत्री शशि चंद्र रतूड़ी, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह नेगी, हरीश सडाना, मातबर सिंह नेगी, दिनेश बिष्ट ने कहा कि पूरा विश्व की नजर इस समय भारत पर हैं जो कि आने वाले समय में वैश्विक परिवर्तन में रूप में देखा सकेगा। सम्मेलन में जिला उपाध्यक्ष नेत्र सिंह रावत, जिला मंत्री जय प्रकाश बिष्ट, मीडिया प्रभारी प्रेम लाल, संजय पुंडीर, कुलदीप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता के संकल्प के लिए शपथ दिलाई

**थलीसैंण** : नगर पंचायत थलीसैंण के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में स्वच्छता सप्ताह के सफल आयोजन हेतु श्रीमती विनीता नेगी प्रधान ग्राम सभा कैन्यूर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर ममता नेगी, गरिमा, दीपा को स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया। बैठक में मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष सतेन्द्र भंडारी ने महिलाओं को स्वच्छता के साथ-साथ उत्तराखण्ड पुलिस एप गौरा शक्ति के बारे में जानकारी दी। नगर पंचायत थलीसैंण के ब्रांड एम्बेस्टर डॉ. सतेन्द्र सेमवाल ने गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करने व पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया।

उन्होंने लोगों से स्वच्छता सप्ताह के तहत इस अभियान से जड़ने की अपील की। बैठक में उपस्थित महिलाओं को अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह रावत ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने महिलाओं को स्वच्छता का संदेश देने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही, ताकि प्रत्येक नागरिक अपने आसपास साफ-सफाई रखे।

## नशे के खिलाफ एकजुट होकर चलाना होगा अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए आमजन को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। कहा कि समाज को नशे से दूर रहकर अपने बेहतर भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान ग्रामीणों व युवाओं को नशा न करने का संकल्प भी दिलवाया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर यमकेश्वर के ग्राम भृगुखाल, रिखणीखाल के ग्राम धामधार व कालागढ़ क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम बताए। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसके कारण आज कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला अपराध सहित अन्य अपराधों के प्रति भी जागरूक किया गया। कहा कि उपभोक्ता किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित जानकारी न दें। साइबर ठगी होने पर तुरंत अपने नजदीकी थाना या चौकी में संपर्क करें। वहीं, महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। कहा कि महिलाओं के लिए कानून में विशेष अधिकार दिए गए हैं। अभियान के दौरान बच्चों को भी पोक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच सहित अन्य आपराधिक घटनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर रथुवाढाब चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, उमेश कुमार, सुरजीत सिंह, सुशील कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## कुलसचिव ने अधिकारियों को बांटी जिम्मेदारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल केंद्रीय विवि में हाल ही में उप कुलसचिव और सहायक कुलसचिव पद पर नियुक्ति अधिकारियों को विवि ने जिम्मेदारी बांटी है। इस संदर्भ में कुलसचिव प्रो. एनएस पंवार की ओर से आदेश जारी किया गया है। जिसमें उप कुलसचिव जितेंद्र डिमरी को एकाउंट, आरसीसी व आरटीआई, सहायक कुलसचिव कनिका बहुगुणा को आईक्यूएसी, कुलपति सचिवालय मीटिंग, एआईएसएचई व एनआईआरएफ पोर्टल्स, कुलदीप सिंह को रिक्रूटमेंट सेल, लीगल सेल, मीटिंग सेल व डीओपीटी पोर्टल तथा सूर्य प्रकाश को प्रशासन(एनटी), विजिलेंस की जिम्मेदारी दी गई है। (एजेंसी)

# कार्यकर्ता व पदाधिकारी जन-जन तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं : ठाकुर

**भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित किया गया महा संपर्क अभियान**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाजपा के महा संपर्क अभियान के तहत राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर (बिहार) गुरुवार को कोटद्वार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ता व पदाधिकारियों से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की भी अपील की।



भाजपा के कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद ने कहा कि जनता ने 2014 में पूर्ण बहुमत की सरकार नई उम्मीदों के लिए दी और अभी तक 9 वर्षों में भाजपा ने अनेक उपलब्धियां हासिल की। कोरोना काल सबसे कठिन काल था जिसे मोदी सरकार ने सुगमता एवं सरलता से निपटाया। इस 9 साल में आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गए हैं। कहा कि गरीबों एवं किसानों के सम्मान में किसान सम्मान योजना आरंभ कर किसानों को लाभान्वित किया। राम मंदिर जो कि बरसों से लंबित पड़ा था, वह आज पूरा हो चुका है। तीन तलाक जैसे गंभीर मुद्दे को हल करना, जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। आज कश्मीर बदल चुका है, वहां पर पचास हजार करोड़ से अधिक का विदेशी निवेश हो चुका है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और आगामी चुनाव में कोटद्वार जिले से बहुमत के साथ भाजपा को विजय दिलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अण्थवाल, प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल, गढ़वाल संयोजिका आशा कोठारी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शांतनु रावत, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद नूरुद्दीन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह आर्य, किसान मोर्चा अनिल रावत और जिला मीडिया प्रभारी विनोद रावत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दैनिक जीवन में योग को अपनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर में आर्ट लिविंग संस्था की ओर से आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने योग के विभिन्न आसानों को गुर सीखें। योग प्रशिक्षक ने छात्रों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि योग के माध्यम से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने छात्रों को योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

राइंका जगतेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की प्रशिक्षक प्रमिला रावत, सुदर्शन बिष्ट व सुनील पंत ने छात्रों को मानवीय मूल्यों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने उन्हें विभिन्न योग की क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। बताया कि योग को दैनिक जीवन में जरूर अपनाएं। योग से निरोगी काया पाई जा सकती है। इसके साथ ही छात्रों को खेल, नैतिक कहानियां के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेंद्र नेगी, सागर पंत मौजूद रहे।

# पुलिस ने दबोचे ढोंगी बाबा, दुर्घटना का भय दिखाकर ठगी थी अंगूठी



कोटद्वार पुलिस हिरासत में पकड़े गए ढौंगी बाबा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सिद्धबली मंदिर के समीप कार चालक को दुर्घटना का भय दिखाकर अंगूठी ठगने वाले ढोंगी बाबाओं को पुलिस ने दबोच लिया है। उनके कब्जे से ठगी गई अंगूठी भी बरामद हुई है।

बुधवार को भाबर के दुर्गापुरी निवासी प्रशांत कुमार की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई। जिसमें कहा गया कि बुधवार को जब वह अपनी सास के साथ दुगड्डा की ओर जा रहे थे, तो सिद्धबली मंदिर से करीब तीन सौ मीटर आगे दो बाबाओं ने उनकी गाड़ी को रोक दिया। उन बाबाओं को पैसे दिए तो बाबा अंगूठी की मांग करने लगे।

मना करने पर एक बाबा ने कहा कि उनके ग्रह खराब चल रहे हैं। आगे जाकर गाड़ी को नुकसान होगा। डर के कारण उन्होंने अपनी अंगूठी बाबाओं को दे दी।

पुलिस ने दोनों अज्ञात बाबाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों बाबाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उनके कब्जे से ठगी गई अंगूठी भी बरामद की गई है। गिरफ्तार बाबाओं में जिला हरिद्वार के अंतर्गत थाना पथरी के ग्राम घोस्सीपुरा निवासी अमरनाथ पुत्र मामराज और जनपद बिजनौर के अंतर्गत थाना मंडावली के कोटावाली नदी बार्डर भागूवाला निवासी अमन उर्फ बालकनाथ पुत्र बोबीनाथ शामिल हैं।

## पुरानी पेंशन बाहली की मांग को लेकर सरकार गंभीर नहीं

**श्रीनगर गढ़वाल** : अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री को प्रति कुलपति के माध्यम से पुरानी पेंशन लागू किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन भेजा। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग चल रही है। लेकिन सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, एनईसी मेंबर नरेश खंडूड़ी, पूर्व महासचिव मनोज रतूड़ी पूर्व महासचिव, पूर्व उपाध्यक्ष पुष्कर सिहं चौहान, सुनील भट्ट, कुलदीप सिंह रावत, जयन्ती प्रसाद, शंकर सिंह कठैत, लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, विजय राय, सीडी उनियाल, ललित भट्ट , संजीत कठैत, चन्द्र पाल सिहं नेगी, शकर थपलियाल, गणेश नौडियाल, धन सिह रावत, अधर बहुगुणा, महादेव नैटियाल, जसवन्त सिह रावत, अमर सिहं रगड़वाल, केएस मिंया, भगत नेगी आदि मौजूउ रहे। (एजेंसी)

# सड़क के लिए मलाणा के ग्रामीणों ने किया प्रर्दशन

**शिलान्यास के बाद भी घेरुवा-मलाणा मोटर मार्ग निर्माण नहीं होने पर जताया रोष**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शिलान्यास के बाद भी जयहरीखाल ब्लॉक के घेरुवा-मलाणा मोटर मार्ग का निर्माण नहीं होने पर ग्रमीणों ने रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने जल्द मोटर मार्ग निर्माण नहीं होने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की भी चेतावनी दी है। कहा कि ग्रामीणों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुरुवार को ग्रामीणों ने ग्राम मलाणा में प्रदर्शन किया। ग्रामीण राहुल जुयाल व दिगंबर प्रसाद ने कहा कि आजादी के दशकों बाद भी उनका गांव सड़क सुविधा को तरस रहा है। मुख्य मार्ग घेरुवा से गांव पहुंचने के लिए उन्हें चार किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है।

सड़क सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को समय पर उपचार तक नहीं मिल पाता। बीमार ग्रामीणों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए पिनस (डोली) ही सहारा बनी हुई है। सड़क के अभाव में गांव से लगातार पलायन हो रहा है। कहा कि फरवरी माह में लोक निर्माण मंत्री ने घेरुवा-मलाणा मार्ग निर्माण का शिलान्यास भी किया था। लेकिन, मार्ग निर्माण में वन भूमि आने की बात कहकर अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

कहा कि जब ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है तो ग्रामीण अपना वोट भी नहीं देंगे। इस मौके पर सोनी देवी, सुमित्रा देवी, बीना देवी, हरीश जुयाल, कुलदीप जुयाल आदि मौजूद रहे।



जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मलाणा में सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

# जगदीपक सिंह रावत दूसरी बार बने महानगर अध्यक्ष



उक्रांद की ओर से आयोजित बैठक में भाग लेते पदाधिकारी व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रांति दल के सम्मेलन में जग दीपक सिंह रावत को दूसरी बार सर्व सम्मति से कोटद्वार महानगर अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। मवाकोट में सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड कांति दल धरातल पर संगठन को मजबूत कर रहा है। यूकेडी पूर्ण रूप से स्थानीय निकाय, पंचायत और कॉलेज स्तर पर संगठन बनाने पर अपना फोकस कर रहा है। बैठक में पहाड़ी क्षेत्र में बढ़ते पलायन व समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। सम्मेलन में चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में पहुंचे दल के केंद्रीय प्रवक्ता एवं पर्यवेक्षक शांति भट्ट ने कहा कि अगला चुनाव राष्ट्रीय पार्टी बनाम क्षेत्रीय पार्टी के बीच होगा और जनता क्षेत्रीय पार्टी यूकेडी को विजयी बनायेगी। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तराखंड स्तर पर पार्टी संगठन के निर्माण को प्राथमिकता दे रही है। केंद्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कोटद्वार के सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसके कारण सामान्य लोगों की दर्जनों फाइलें लंबित पड़ी हुई हैं। उन्होंने जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल से मांग की कि कोटद्वार के सभी सरकारी कार्यालयों में लंबित फाइलों के शीघ्र निस्तारण के लिए आदेश करें। बैठक में दल के संस्थापक सदस्य प्रथम केंद्रीय महामंत्री स्व. द्वारिका प्रसाद उनियाल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सांगठनिक जनपद कोटद्वार के अध्यक्ष मुकेश बड़थ्वाल, रमेश चंद्र कोठारी, प्रवेश नवानी, अशोक कंडारी, विनय भट्ट, सर्वेंद्र काला, राम सिंह चौहान, सत्येंद्र नेगी, दिनेश धूलिया आदि मौजूद रहे।

# रैली निकालकर स्वच्छता का दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

प्राचार्य जानकी पंवार के नेतृत्व में अभियान की शुरूआत की गई। महाविद्यालय मुख्य गेट, कार पार्किंग एवं प्रांगण में एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स-रेंजर्स एवं महाविद्यालय के समस्त कार्मिकों द्वारा श्रमदान करके साफ- सफाई का कार्य किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया। रैली महाविद्यालय प्रांगण से शुरू होकर महाविद्यालय के निकटवर्ती ग्राम शिवपुर एवं महाविद्यालय के निकट स्थित मलिन बस्तियो में निकाली गई।




कोटद्वार महाविद्यालय में रैली निकालते विद्यार्थी

रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही लोगों को प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग से उत्पन्न हुए खतरों के प्रति आगाह किया गया। छात्र-छात्राओं ने स्थानीय नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने, अपने घरों के आसपास गंदगी तथा जल भराव नहीं होने देने तथा नालियों की सफाई के प्रति भी जागरूक किया। इस मौके पर सीमा चौधरी, एनसीसी प्रभारी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. योगिता, डॉ. सुनीता नेगी आदि मौजूद रहे।

## 18 को चलेगा स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिला न्यायालय की ओर से रविवार 18 जून को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें न्यायालय परिसर सहित विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान चलेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने को लेकर बुधवार को व्यापार मंडल पौड़ी, धार्मिक धर्मगुरुओं के साथ बैठक करते हुए सभी से अपने स्तर से उपरोक्त अभियान को सफल बनाने के लिए योगदान करने की अपील की। सचिव अकरम अली ने बताया कि जिला जज, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल आशीष नैथानी द्वारा जिला मुख्यालय व बाहरी न्यायालय में चार घंटे तक स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क और पुल तो बनें नहीं, कैसे बनेगा एनएच : बिट्टू कर्नाटक



अल्मोड़ा : उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने चौंसली कोसी मोटर मार्ग का भ्रमण कर पूरी सड़क के हालात का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस सड़क के तीन किलोमीटर हिस्से का निर्माण किया जाना बाकी है, इसके साथ ही इस मोटर मार्ग में तीन पुलों का बनना भी अभी बाकी है।

स्यालीधार के नीचे लगभग 18 मीटर का पुल, उसके अलावा सैनार गांव के समीप 24 मीटर का एक पुल एवं मटेला पम्प के समीप 18 मीटर के पुल का बनना बाकी है, उन्होंने कहा कि ये मात्र कोरी अफवाह है कि यह मोटर मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग का बायपास बनने जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री से मांग की कि इस सड़क को तत्काल प्रभाव से पूर्ण किया जाए। जो तीन किलोमीटर सड़क कटनी है उसे तत्काल प्रभाव से काटा जाए। यह मोटर मार्ग न केवल अल्मोड़ा ही नहीं वरन यहां के आस पास के गांवों के लोगों के लिए भी अति महत्वपूर्ण है, साथ ही आज जिस तरह से अल्मोड़ा सहित आस पास के क्षेत्रों में लगातार वाहनों के दबाव से जाम की स्थिति बन रही है, चूंकि पर्यटन सीजन के समय धार्मिक पर्यटन के नाम पर पूरे देश ही नहीं अपितु विदेशों से भी लोग यहां आते हैं। जिस कारण हमारे पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार जाम की स्थिति बन रही है।

## प्रदेश में जनमुद्दों को छोड़ धर्म की हो रही राजनीति

पिथौरागढ़ : जनमंच ने प्रदेश में शांति और समृद्धि का माहौल को लेकर सांकेतिक धरना दिया। सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में जो चल रहा है, वह सही नहीं है। उन्होंने हिंदू–मुस्लिम, सिख–ईसाई, आपस में हैं भाई–भाई का नारा देते हुए कहा कि नफरत नहीं रोजगार दो।

गुरुवार को नगर में जनमंच के जिला संयोजक भगवान रावत के नेतृत्व में सदस्यों ने अपने–अपने आवास में ही सांकेतिक तौर पर धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में इन दिनों जनमुद्दों को छोड़ धर्म की राजनीति की जा रही है। एक वर्ग दूसरे वर्ग के विरोध में महापंचायत तक करने की बात कर रहे हैं।

कहा कि जिस उद्देश्य से एक अलग प्रदेश की स्थापना हुई थी, आज भी वह सपना अधूरा है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सड़क जैसी जरूरी सुविधाओं के लिए लोग जूझ रहे हैं।

# देश तरक्की की ओर तेजी से बढ़ रहा : चुफाल



पिथौरागढ़ : जिले में भाजपा के वरिष्ठ नेता और डीडीहाट के विधायक विशन सिंह चुफाल ने पत्रकार वार्ता कर केंद्र सरकार की उलब्धियां बताई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। इन नौ सालों में देश मजबूती से विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। गुरुवार को नगर के खड़कोट स्थित भाजपा कार्यालय में विधायक चुफाल ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नौ वर्ष का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उनके नेतृत्व में देश विकसित देशों की कतार में खड़ा हो गया है, देश में जिस तेजी से बुनियादी ढ़ांचे का विकास हुआ है उसकी कोई मिसाल नहीं है। देश तरक्की की ओर तेजी से बढ़ रहा है। कहा कि पहले रक्षा क्षेत्र में हम विदेशों से आयात करते थे अब आत्मनिर्भर भारत में विदेशों को निर्यात कर रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। प्रदेश में मंत्रियों के रिक्त पदों के मामले में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी का काम है, कौन मंत्री बनेगा। (एजेंसी)

# मुआवजे की मांग लेकर लोगों ने कोतवाली गेट पर काटा हंगामा



रुद्रपुर : मुआवजे की मांग को लेकर सुभाष कॉलोनीवासियों ने गुरुवार को कोतवाली गेट पर हंगामा कर दिया। उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोतवाली में घुसने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। मुआवजा मिलने के आश्वासन पर प्रदर्शनकारी शांत हो गए। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बुधवार को सुरेश गैला (22 वर्ष) पुत्र दुलाल गैला निवासी सुभाष कॉलोनी आजाद नगर वार्ड 2 किच्छा की सुभाष कॉलोनी रोड पर मिट्टी भरे डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। घटना से गुस्साए लोगों ने सुरेश के शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था। एसडीम कौस्तुभ मिश्रा और पुलिस क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश शर्मा के आश्वासन पर वार्डवासी सुरेश के शव का पोस्टमार्टम कराने को तैयार हो गए थे। मुआवजे की मांग को लेकर गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने कोतवाली की तरफ कूच कर दिया। इससे पुलिस के हाथ–पांव फूल गए। पुलिस ने गेट पर बैरिकेडिंग लगाकर कोतवाली का रास्ता बंद कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कोतवाली में घुसने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने समझाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही से मिट्टी और रेत से भरे डंपर बेकाबू होकर शहर में घूम रहे हैं। इस कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वह मृतक के परिवार को बीस लाख रुपये मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए।

## भारत–मालदीव की सेनाएं चौबटिया में कर रही संयुक्त सैन्य अभ्यास

अल्मोड़ा : भारतीय सेना और मालदीव की सेना एक संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रही है। दोनों देशों के बीच यह संयुक्त सैन्य अभ्यास उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद स्थित चौबटिया में शुरू किया गया है। इस अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद–रोधी अभियान में संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत कायी को अंजाम देना है।

मालदीव का राष्ट्रीय रक्षा बल, भारत के साथ इस संयुक्त अभ्यास का हिस्सा बना है। चौबटिया में यह संयुक्त अभ्यास 11 जून से 24 जून 2023 तक हो रहा है। संयुक्त सैन्य अभ्यास का नाम एक्स एकुवेरिन है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का 12वां संस्करण है।

# अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग फिर उठाई



अल्मोड़ा : अल्मोड़ा कांग्रेस के नगर महामंत्री संगठन एडवोकेट वैभव पाण्डेय ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि आज ही के दिन पिछले साल अग्निपथ योजना लाई गई थी। राष्ट्रीय सुरक्षा को ठेके पर देने वाली इस युवा विरोधी योजना का हमारे साथियों ने डटकर विरोध किया था।

श्री पाण्डेय ने कहा कि अग्निपथ के पीछे सीधा मकसद यही है कि सेना से प्रशिक्षण दिलाकर सुरक्षाकर्मियों को धन्नासेठों की सेवा में लगाया जाए। मतलब अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए भारत की सेना को भी नहीं बख्शा इस सरकार ने। यह युवाओं के साथ धोखा ही नहीं, देश की सुरक्षा के साथ समझौता भी है। उन्होंने कहा कि इस योजना के कारण सेना की बाकी भर्तियों को रद्द कर दिया गया। यहाँ तक कि भर्ती प्रक्रिया में सफल होकर नियुक्ति का इंतज़ार कर रहे अभ्यर्थियों के भी सपने तोड़ दिए गए। मानसिक अवसाद में आए कई युवाओं ने आत्महत्या कर लिया। लेकिन सत्ता में बैठे शहंशाहों का दिल नहीं पसीजा। बाद में तो सरकार ने यह भी कहा कि अग्निवीर के लिए लाखों आवेदन आने का मतलब है कि युवाओं ने योजना को स्वीकार कर लिया है। जबकि सच्चाई यह है कि एक साल के लिए भी अगर बीस हजार रुपए की नौकरी भी दी जाए तो लाखों आवेदन आ जाएंगे। असल में यह संख्या देश में भीषण बेरोजगारी का परिचायक है, अग्निपथ की सफलता का नहीं। उन्होंने कहा कि अग्निपथ आंदोलन के दौरान इस युवा विरोधी सरकार ने हमें जो जख्म दिए वो आज भी भरे नहीं हैं। लाठी, डंडे और मुकदमे के ज़ोर पर भले ही आवाज़ को दबा दिया गया हो, लेकिन वो गुस्सा आज भी ठंडा नहीं हुआ है। बेरोजगार युवाओं का यह आक्रोश जब फूटेगा तो स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने सरकार से पुनः यह मांग की है कि अग्निपथ योजना को वापिस लिया जाए। (एजेंसी)

## पुलिस ने ड्रग्स जागरुकता हेतु कराई ई-प्रतिज्ञा

अल्मोड़ा : जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु द्वारा अन्तराष्ट्रीय ड्रग्स दिवस के क्रम में चल रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत जनपद के समस्त सीओ व थाना/यातायात प्रभारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनजागरुकता अभियान चलाकर जनमानस को ड्रग्स के प्रति जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया है। नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के क्रम में गुरुवार को जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र में बाजारों/कस्बों में ड्रग्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजनमानस को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर बताया कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो मानव जीवन को शारीरिक व आर्थिक दोनों तरीकों से नुकसान पहुंचाकर एक खुशहाल परिवार को तबाह कर देता है। नशा सामाजिक कुरीति भी है यह समाज में मनुष्य की प्रतिष्ठा को भी समाप्त करता है। अपनी जिंदगी से नशे को दूर रखते हुए खुशहाल जीवन जिए तथा नशे की गिरफ्त में फंसे लोगों को भी नशा छुड़वाने में मदद करें।

# युवा उत्सव का उद्देश्य युवाओं के अन्दर छुपी हुई प्रतिभा को मंच देना है : अजय



अल्मोड़ा : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, नेहरू युवा केन्द्र अल्मोड़ा एवं जिला प्रशासन, अल्मोड़ा द्वारा युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को रैमजे इण्टर कालेज में किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभाग किया गया। जिसमें उन्होंने युवाओं को युवा उत्सव महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा 15 अगस्त 2022 को दिए गए भाषण अगले 25 साल की यात्रा को देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण करार देते हुए इस अमृत काल में पंचप्राण विषय को युवाओं में पांच प्रकार की प्रतियोगिता के साथ इस थीम का उद्देश्य आम जनमानस तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि अमृत काल के पंचप्राण विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिकों द्वारा अपने कर्तव्य का पालन करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के अन्दर छुपी हुई प्रतिभा को एक पटल देकर उनके सर्वांगीण विकास हेतु जागृत करना है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के पांच प्रण के सिद्धांत को आधार मानते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा प्रत्येक जनपद में युवा उत्सव इंडिया@2047 की थीम पर आधारित इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को सहभागिता से उक्त संकल्प को युवा संकल्प एवं युवा संकल्प से आम जनमानस के संकल्प में परिणत करने का कार्य किया जा रहा है युवाओं के हित के लिए उन्हें अपने फील्ड में सफलता प्राप्त करने के लिए इस कार्यक्रम के माध्यम से एक ऐसा मंच दिया जा रहा है जहां वो अपने हुनर को दिखा सके। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पांच प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिनमें युवा काव्य लेखन (कविता) प्रतियोगिता, युवा कलाकार चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमारे पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस इसे सही मंच उपलब्ध कराना है। इस दौरान भाजपा महामंत्री धर्मेन्द्र बिष्ट, कैलाश गुरूरानी, अमित साह, नेहरू युवा केन्द्र के दिवाकर भाटी सहित अनेक विद्यालयों के छात्र–छात्राएं व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। (एजेंसी)



# विधायक ने किया सर्विस रोड के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा ने फ्लाईओवर के नीचे एनएच–74 सर्विस रोड के पुनर्निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। गुरुवार को विधायक अरोरा ने बताया कि एलाइंस कॉलोनी से मुख्य द्वार को जाने वाले फ्लाईओवर के नीचे सड़क की हालत काफी समय से खराब थी। जहां सड़क में गड्ढे होने के कारण जलभराव रहता है। आए दिन दुर्घटनाएं और धूल की समस्या बनी रहती है। विधायक ने एनएच अधिकारियों से वार्ता कर सर्विस रोड के पुनः निर्माण की मांग की थी। इस पर विभाग ने विधायक की मौजूदगी में कार्य शुरू कर दिया है। इस दौरान मंडी समिति अध्यक्ष केके दास, एलाइंस सोसायटी अध्यक्ष राजकुमार मुंजाल, सचिन मुंजाल, हरनाम चौधरी, अंशुल अरोरा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# निर्माणाधीन सीवर लाईन में तेजी लाए विभाग



अल्मोड़ा : क्षेत्र के सभासद एवं भाजपा नगराध्यक्ष अमित साह मोनू ने कार्यदायी संस्था पेयजल निगम के अपर सहायक अभियन्ता दीपक जोशी के साथ रानीधारा सड़क मार्ग में निर्माणाधीन सीवर लाईन का संयुक्त निरीक्षण किया और विभाग से अतिशीघ्र सीवर पाईप को बिछाने के लिए अतिरिक्त मजदूर लगाने की माँग रखी साथ ही साथ एक सिरे से सीवर चैम्बर का भी निर्माण आरम्भ करने को कहा। विभागीय अभियन्ता ने बताया कि कल से पनियाउडियार क्षेत्र में सीवर चैम्बर का निर्माण आरम्भ हो जायेगा और अगले हफ्ते से रानीधारा सड़क मार्ग में भी चैम्बर का निर्माण शुरू हो जाएगा।

इस अवसर पर नगराध्यक्ष भाजपा अमित साह मोनू ने कहा कि शीघ्र ही प्रभारी मंत्री धन सिंह रावत उक्त सीवर लाईन का निरीक्षण करेंगे इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (एजेंसी)

## महा जनसंपर्क अभियान के तहत किया जनसंपर्क

अल्मोड़ा : गुरूवार को महा जनसंपर्क अभियान के तहत विशिष्ट व्यक्तियों से जनसंपर्क कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला के नेतृत्व में नगर मंडल में शुरुआत की गई। जिसके तहत नगर में रहने वाले विशिष्ट व्यक्तियों से मुलाकात कर उनसे वार्ता भी की गई। जिसमें 9 साल में मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में उनसे चर्चा की गई। चर्चा में विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा भी अपने विचार रखे गए।

# अमेरिका के प्रोफेसर बेकर ने सिस्टम थिंकिंग पर दिया व्याख्यान



अल्मोड़ा : गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कोसी कटारमल, अल्मोड़ा में लोकप्रिय व्याख्यान की श्रंखला के तहत तीसरे लोकप्रिय व्याख्यान का आयोजन किया गया। गुरुवार को वेस्टर्न कोलोरैडो विश्वविद्यालय, गुनिसन, अमेरिका के प्रोफेसर जे सी बेकर ने व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का विषय सिस्टम थिंकिंग था। लोकप्रिय व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल के स्वागत उदबोधन से हुआ। अपने स्वागत उद्बोधन में प्रो. नौटियाल ने संस्थान और इसकी क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा हिमालयी क्षेत्रों में किये जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों और हितधारकों द्वारा लिए जा रहे लाभों से सबको अवगत कराया तथा संस्थान की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संस्थान तथा वेस्टर्न कोलोरैडो विश्वविद्यालय के शोध कार्यों हेतु परस्पर सहयोग करने की बात कही। प्रो. नौटियाल ने महत्वपूर्ण मुद्दों तथा गैप्स को पहचान कर शोध कार्य करने की बात कही।

# वृद्धा की दराती से मारकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार




अल्मोड़ा : भुवन राम पुत्र स्वर्गीय धनी राम निवासी ग्राम धूरासंग्रोली लमगडा अल्मोडा ने थाना लमगड़ा में तहरीर दी कि प्रकाश राम ने उसके साथ व उसकी पत्नी के साथ मारपीट व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी तथा उसकी माता माधवी देवी (74 वर्ष) की दराती से वार कर हत्या कर दी है।

तहरीर के आधार पर धारा 302/323/504/ 506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त प्रकाश राम के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम चन्द्र राजगुरु द्वारा हत्या के जघन्य अपराध की गंभीरता व संवेदनशीलता के दृष्टिगत सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद को तत्काल मौके पर भेजकर लमगड़ा पुलिस को नामजद अभियुक्त प्रकाश राम की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। मृतका माधवी देवी के शव का पंचायतनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मामले में लमगड़ा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अभियुक्त प्रकाश राम को बुधवार 14 जून को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो दरातियां बरामद की गई तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी व हथियार की बरामदगी के उपरांत पंजीकृत अभियोग में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## डोडा चूरा के साथ पकड़े गए दोषी को पांच साल की सजा

रुद्रपुर : बाजपुर में तीन किलो डोडा चूरा, अफीम के साथ पकड़े गए आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सुशील तोमर की अदालत ने पांच साल का कठोर कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक अरोरा ने बताया कि 15 जुलाई 2014 को बाजपुर पुलिस गश्त पर थी।

# सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाएं



पिथौरागढ़ : नगर में भाजपा ने महाजनसंपर्क अभियान को लेकर संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। गुरुवार को नगर के खड़कोट स्थित भाजपा कार्यालय में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी और जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने संयुक्त तौर पर दीप जलाकर किया। वर्ष 2014 से पहले नलों से पानी नहीं आता था, लेकिन अब हर घर नल लगे हुए हैं। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, शौचालय, पक्के आवास समेत अन्य कई बुनियादी ढ़ाचे की विकास योजनाओं से देश का कायाकल्प करने का काम किया है।

# पोखरी में अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का डंडा



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में तहसील प्रशासन एवं विभागों द्वारा सरकारी भूमि पर से नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। सरकारी एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों पर अतिक्रमण के खिलाफ पोखरी तहसील प्रशासन ने कार्रवाई की है। उप जिलाधिकारी संतोष पांडेय ने बताया कि तहसील प्रशासन द्वारा चिन्हित 10 अतिक्रमण में से 9 स्थानों पर अतिक्रमण हटा दिए गए है। जबकि एक स्थान पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई गतिमान है। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी करते हुए शीघ्र कब्जा हटाने को कहा गया है। वही जोशीमठ में भी तहसील प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी कर दिए है। एसडीएम कुमकुम जोशी ने बताया कि जोशीमठ के रविवाग्राम क्षेत्र में सात स्थानों पर अतिक्रमण चिन्हित किए गए है। सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले इन सभी लोगों को निर्धारित अवधि में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। सरकारी भूमि से नियमानुसार शीघ्र अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## सरकार भू-माफिया को दे रही संरक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर नागरिक कल्याण मंच, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, भारतीय किसान सभा के संयुक्त तत्वावधान में भीड़ हिंसा और सांप्रदायिक उन्माद की घटनाओं के विरोध में सांकेतिक धरना दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक विनोद चमोली ने कहा कि देश और राज्य में लगातार भीड़ हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। लोगों में नफरत की भावना बढ़ रही है। सरकार भू-माफिया को संरक्षण दे रही है। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने भीड़ हिंसा पर रोक लगाते हुए कानून का राज स्थापित करने, बढ़ती नफरत पर रोक लगाते हुए रोजगार देने, भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने, प्रदेश में सशक्त भू कानून लागू करने आदि की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। इस मौके पर नागरिक कल्याण मंच पौड़ी के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सभासद अनीता रावण, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट कुसुम नेगी, रोशनी सिंह, प्रेम सिंह गुसाईं, श्याम प्रसाद उनियाल, शशि बल्लभ घिल्डियाल, सुखदेव सिहं, धनी लाल, एडवोकेट सुनील सिंह, एडवोकेट विनोद चमोली, सीटू के सुरेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के नरेश चंद्र नौडियाल आदि शामिल रहे।

# गणपति मन्दिर में आयोजित होगा तीन दिवसीय महा कुम्भाभिषेक

रुद्रप्रयाग : श्री कांची कामकोटि शंकरा धर्माथ अस्पताल रूद्रप्रयाग परिसर रतूड़ा कोटीकांची में स्थित गणपति मन्दिर में तीन दिवसीय विशाल महाकुम्भाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जो कि 23 से 25 जून तक चलेगा।

धर्माथ ट्रस्ट रतूड़ा परियोजना प्रबंधन समिति के सदस्य कृष्ण कुमार एवं स्वामीमाथन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री कांची कामकोटी पी के जगदगुरु शंकराचार्य विजेयन्द्र सरस्वती जी के आशीर्वाद एव मार्गदर्शन में रतड़ा के उत्तरकांची परिसर में स्थित गणपति मन्दिर में तीन दिवसीय भव्य महाकुंभाभिषेक के साथ-साथ अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार कर अविलम्ब धर्माथ चिकित्सा सुविधा की शूरुआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि जगदगुरू शंकराचार्य की मंशा के अनूरूप उतरकांची मठ परिसर को सनातन, धर्म, आध्यात्म, चिकित्सा सेवा, शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ ही अभिनव ध्यान योग केन्द्र के रुप में विकसित किये जाने के प्रयास किये जायेंगे।

इस अस्पताल प्रबंधन समिति के स्थानीय समिति के सदस्य एंव मठ के सेवक वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल सुन्दरियाल ने कहा कि कांचीकामकोटी के ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी जयेन्द्र सरस्वती जी के पावन सानिध्य में 1987 में स्थापित कांचीकामकोटी शंकरा अस्पताल को धर्माथ चिकित्सा सेवाएं विगत 36 वर्षो के दौरान उल्लेखनीय रही है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि धर्माथ अस्पताल द्वारा जहाँ क्षयरोग निवारण की दिशा मे अभिनव कार्य किया गया गया वहीं इस दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से क्षेत्रो के दस हजार से अधिक लोगों के आँखों मे लेंस प्रत्यारोपण कर कृर्तिमान स्थापित किया, पीठ के वर्तमान शंकराचार्य विजयेन्द्र स्वामी सरस्वती का उतराखंड देव भूमि के प्रति विशेष लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि मन्दिर परिसर में आये व्यवधान पर जगदगुरु शंकराचार्य एवं जयेन्द्र सरस्वती महाराज द्वारा एच.एच.एस.जे और एस. एस गोल्डन जुबली धर्माथ रतूड़ा परियोजना के तहत देश के प्रतिष्ठित उधोग एवं कार्पोरेट जगत से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता, एडवोकेट, आन रिकर्डस कृष्ण कुमार, के स्वामाथन, टीवी शिव शंकरन, श्रीराम, म० सु० आनंद, की पाँच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति भी गठित की गयी। (एजेंसी)

# पेयजल किल्लत से आक्रोशित लोगों ने जल संस्थान कार्यालय में किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीकोट गंगानाली के नागराजा मोहल्ले में लंबे समय से पानी की किल्लत होने से गुस्साए लोगों ने जल संस्थान कार्यालय में धमककर आक्रोश जताया। इस दौरान लोगों ने कहा कि मोहल्ले 300 से अधिक परिवार रहते हैं। जिन्हें विभाग द्वारा पानी की आपूर्ति सुचारू ढंग से नहीं कराई जा रही है। कहा पूरे श्रीकोट में पेयजल आपूर्ति चरमराने से लोग परेशान हैं।गुरुवार को जल संस्थान कार्यालय में पहुंचे स्थानीय लोगों ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मोहल्ले में बिछाई गई वर्षों पुरानी पाइप लाइन जीर्ण-शीर्ण हो गई। इसे बदले जाने की मांग भी कई बार कर दी गई है। लेकिन विभाग के अधिकारी उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण लोगों के सामने पेयजल की दिक्कतें हो रही हैं। विभाग में जिम्मेदार अधिकारी के मौजूदगी न होने पर भी लोगों ने गहरी नाराजगी जताई। इधर जल संस्थान के सहायक अभियंता कृष्णकांत ने कहा कि वह पौड़ी में बैठक के लिए गए थे। कहा दूरभाष पर लोगों ने उन्हें समस्या से अवगत कराया है। जिसका समाधान करा दिया जाएगा। आक्रोश जताने वालों में व्यापार संगठन श्रीकोट के सचिव त्रिभुवन सिंह राणा, पूर्व सैनिक सेना कल्याण समिति के अध्यक्ष दर्शन भंडारी, दीपक रौथाण, उमिर्ला देवी, अनुराग गैरोला, शिशुपाल रावत, राजकिशोर सिंह, उम्मेद सिंह, दीनदयाल, रामप्रसाद, आशीष, कुलदीप रौथाण, पंचम बुटोला, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## छात्रा की मौत के मामले में पांच लोगों पर मुकदमा

देहरादून। पटेलनगर क्षेत्र में छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। छात्रा का शव सात जून को कमरे में फंखे से लटका मिला था। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला था।

## 19 जून तक छात्रों से मांगे लेख

चमोली : ह्रमादक्ठ पदार्थों के दुरुप्रयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवसह्व मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है और जनपद से टॉप तीन प्रतियोगियों को 26 जून को मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा राज्य स्तर पर पुरुस्कृत किया जाना प्रस्तावित है। यह सूची 20 जून तक मुख्यालय भेजी जानी है

प्रभारी निरीक्षक थराली देवेंद्र सिंह रावत ने बताया 19 जून तक जनपद स्टर पर पोस्टर, पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता जो अधिकतम दो सौ से ढाई सौ शब्दों तक की होगी जिसमे टाप थ्री प्रतियोगिताओं को जनपद स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा और 26 जून को मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाना प्रस्तावित है।

# सीओ ने किया चौकी केदारनाथ व एसडीआरएफ की पोस्ट का निरीक्षण




रुद्रप्रयाग : पुलिस उपाधीक्षक, गुप्तकाशी विमल रावत ने केदारनाथ स्थित पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा चौकी में व्यवस्थित सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी का उपयोग श्रद्धालुओं के भीड़ नियंत्रण के साथ ही श्रद्धालुओं के बिछड़ने पर हुलिया इत्यादि मिलने की दशा में बिछड़ों को मिलाने के लिए किया जा सकता है।

साथ ही श्रद्धालुओं के साथ यात्रा मार्ग पर घोड़ा खच्चर संचालकों द्वारा किये जाने वाले दुर्व्यवहार सम्बन्धी शिकायतों पर भी ऐसे व्यक्तियों का चिन्हीकरण किये जाने हेतु सीसीटीवी का उपयोग किये जाने के निर्देश दिये गये। पुलिस कार्मिकों की आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तदोपरान्त उनके द्वारा केदारनाथ में व्यवस्थित एसडीआरएफ पोस्ट का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। पुलिस व एसडीआरएफ के समस्त उपस्थित कार्मिकों से संवाद स्थापित कर दिये गये दायित्वों का पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये। (एजेंसी)

# स्वच्छता के नाम पर खानापूर्ति तक सिमटी नगर पंचायत थराली

## स्वच्छता अभियान को लग रहा पलीता, एनजीटी के नियमों की उड़ा रही धज्जियां

चमोली : जहां एक और स्वच्छता पखवाड़ा जोर शोर से चल रहा है वहीं नगर पंचायत थराली में एक स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन कर स्वछता पर बड़ी–बड़ी बातें कहीं गई, लेकिन हकीकत कुछ और ही है नगर पंचायत थराली केवल स्वच्छता के नाम पर खानापूर्ति कर रही है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत थराली का कोई स्थाई डंपिंग जोन नहीं है पूरा नगर का कूड़ा कर्णप्रयाग-ग्वालदम मोटर मार्ग पर ग्राम पंचायत बेनौली के पास देवराडा वन पंचायत के बरसाती नाले में डाला जा रहा है जो नाला सीधे पिंडर नदी में जाकर मिलता है हल्की बारिश होते ही नगर का सारा कूड़ा पिंडर नदी में बह जाता है जिससे जलीय जीवों के साथ पिंडर नदी प्रदूषित हो रही है। ग्राम प्रधान बेनौली गंभीर सिंह रावत का कहना है कि नगर पंचायत थराली नगर का सारा कूड़ा बेनौली के पास बरसाती नाले में डाला जा रहा है जिसकी बदबू के कारण राहगीरो तथा स्कूली बच्चों को यहां से गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं चील, कौवे, बंदर कूड़े को इधर–उधर फैला रहे हैं।

साथ ही हल्की बारिश होते ही सारा कूड़ा पिंडर नदी में बह रहा है। जिससे लगता है कि नगर पंचायत प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहा है और गर्मी शुरू होते ही क्षेत्र में कूड़े की वजह से बदबू से गंभीर बीमारियां पनपने का खतरा बना हुआ है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष थराली विनोद रावत ने बताया कि नगर पंचायत थराली स्वछता के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहा है और बड़े–बड़े होर्डिंग पोस्टर लगाकर सेल्फी खींच कर इतिश्री कर रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत थराली द्वारा अभी भी कई स्थानों पर नालिया ना बनने के कारण कूड़ा नालियों में भरा पड़ा हुआ है किस कारण गर्मियों में बीमारी का खतरा बना हुआ है।

सरपच सघठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत का कहना है नगर पंचायत को कई बार अवगत करा दिया गया है कि वे एक स्थाई डंपिंग जोन बनाये लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा नगर पंचायत थराली एनजीटी के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नगर पंचायत एक माह मे कोई ठोस कार्यवाही नहीं करता तो ग्राम पंचायत बेनौली, देवराडा की समस्त जनता आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएगी जिसकी सम्पूर्ण जीमेदारी नगर पंचायत की होगी। नगर पंचायत थराली के अधिशासी अभियंता टंकार कौशल का कहना है नाले को पिंडर नदी की ओर से बंद किया जायेगा और सिमल सेंड में नए डंपिंग जोन के लिए टेंडर प्रक्रिया की जा रही है पूर्व में दो बार टेंडर कर दिए गए थे लेकिन ग्रामीणों के विरोध के बाद कार्य नहीं हो पाया है अब शासन प्रशासन की मदद के बाद ही कार्य किया जाएगा। (एजेंसी)

## स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय पावकी देवी में स्वच्छता सप्ताह के तहत छात्रों ने कॉलेज परिसर, संपर्क मार्गों के साथ आसपास में स्वच्छता अभियान चलाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. छाया चतुर्वेदी ने कहा कि सभी को स्वच्छता अपने दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए, जब सफाई रहेगी तभी समाज स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि अपने घरों के आसपास, टूटे बर्तनों, टायर आदि में पानी जमा न होने दे, जिससे मच्छर और मक्खी आदि न पनप सकें। उन्होंने छात्रों से महाविद्यालय में निर्धारित स्थान पर बने डस्टबिन में ही कचरा डालने को कहा। पर्यावरण प्रकोष्ट की नोडल अधिकारी डॉ. संगीता बहुगुणा ने छात्रों को स्वचछता की शपथ दिलाई। मौके पर डॉ. तनुआर बाली, डॉ. रेखा सिंह, डॉ. गुंजन जैन, केंद्र सिंह, मुकेश रावत, राजेन्द्र सिंह, सुभाष,निखिल, विकास सहित छात्र छात्राऐं उपस्थित थी। (एजेंसी)

# कला की विभिन्न विधाओं पर चर्चा की

श्रीनगर गढ़वाल : राइंका कीर्तिनगर में स्वैच्छिक शिक्षक संगठन की ओर से आयोजित उलार समर कैंप (रचनात्मक बाल शिविर) के दूसरे दिन बच्चों ने कला व स्टोरी टेलिंग के गुर सीखे। इस मौके पर रचनाधर्मी शिक्षक आशीष नेगी ने कहानी एवं कविता लेखन के सन्दर्भदाता के रूप में कला की विभिन्न विधाओं पर बच्चों के साथ चर्चा की। उन्होंने बच्चों को स्टोरी टेलिंग के गुर सिखाते हुए छोटी चिड़िया की कहानी भी सुनाई।कैंप में शिक्षक नेगी ने अपनी कविता पोस्टर की प्रदर्शनी को बच्चों को दिखाते हुवे कला के कई पहलुओं के बारे में जानकारी दी। मौके पर बच्चों ने भी कविताओं और चित्रों को देख कर बहुत से प्रश्नों को पूछकर अपनी जिज्ञासाएं रखी। इससे पूर्व संचिता राणा व साक्षी रावत ने बच्चों को योग विधा के बारे में जानकारी देते हुए ताड़ासन, पार्श्व ताड़ासन, त्रिकोण आसन, सूर्य नमस्कार, गोमुख आसन, स्कन्दआसन पश्चिमोत्तानासन, अनुलोम–विलोम प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। जबकि ब्लैक बैल्ट धारी मानसी ने बच्चों को कराटे के माध्यम से आत्मरक्षा, अंकित भट्ट ने रंगमंच की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया। कैंप के आयोजन की नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाशी जाखी व वरिष्ठ सर्जन डा. लोकेश सलुजा, रेडियोलोजिस्ट डा. रचित गर्ग ने सराहना की।


G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी

मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद स्टेशन के क्लॉक रूम को 5 साल के लिए संचालन और रखरखाव हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 30.06.2023 (टाइम 11:30 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। ई–नीलामी दिनांक 30.06.2023 को www.ireps.gov.in के माध्यम से आंमत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध है। सं. 48-Parcel/Cloak room/MB Div 2022-C दिनांक: 15.06.2023 1848/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी

मुरादाबाद मंडल के Bareilly स्टेशन पर "Contract for packing of two wheeler and other parcel packing service near outward parcel shed" 3 साल हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 28.06.2023 (टाइम 11:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। ई–नीलामी दिनांक 28.06.2023 को www.ireps.gov.in के माध्यम से आंमत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध है। सं. 48-Parcel/Parcel packing/MB Div 2023-C दिनांक: 15.06.2023 1849/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# धार्मिक भावनाओं को भड़का कर सौहार्द के माहौल को खराब कर रही भाजपा : दर्शन लाल




नई टिहरी : कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, जहां बदहाल स्थिति में है, वहीं धार्मिक भावनाओं को भड़का कर सौहार्द्र के माहौल का खराब करने का काम किया जा रहा है। प्रदेश की जनता से सौहार्द्रपूर्ण माहौल को बरकरार रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है।

अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष दर्शन लाल कांग्रेस कार्यालय नई टिहरी में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन आगे कहा कि भाजपा ने हमेशा एससी वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। आज स्थिति यह है कि एससी वर्ग के छात्रों की छात्रवृतियां बंद कर दी गई हैं। जो कांग्रेस कार्यकाल में दी जाती थी। महिलाओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है। प्रदेश में महिला हत्याकांडों से यह बात साबित हो जाती है। अंकिता हत्याकांड के आरोपियों के साथ हमदर्दी से बालिकाओं को लेकर दावे करने वाले सरकार कटघरे में खड़ी हैं। धर्म और जाति के नाम पर राजनीती कर दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों को जो माहौल खराब किया जा रहा है।

वह देश के विकास व अंतराष्ट्रीय छवि के लिए ठीक नहीं है। जिसे आम लोगों को समझना चाहिए और बहकावे में नहीं आना चाहिए।

## स्वछता सप्ताह पर स्वयं सहायता समूह के साथ बैठक की

देहरादून। हाईकोर्ट की अगुवाई में चलने वाले स्वच्छता अभियान को लेकर मसूरी पालिका सभागार में बैठक हुई। अधिशासी अधिकारी राजवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान की तैयारी की जा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों की भागेदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही अभियान में शामिल लोगों को स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई जाएगी। ।

# धरने को पूर्व पालिकाध्यक्ष सहित एक दर्जन लोगों ने दिया समर्थन



नई टिहरी : चंबा–नागड़ी बाईपास संघर्ष समिति के बैनर तले अमर शहीद श्रीदेव सुमन और विक्टोरिया क्रास विजेता वीर गब्बर सिंह के गांव को जोड़ने वाले मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से मार्ग के डामरीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन शासन–प्रशासन की मांग को लेकर संवेदनहीन बना हुआ है। गुरुवार को भी स्यूटा, बड़ा स्यूटा, भंडार गांव, जौल, जड़धार गांव आदि के ग्रामीणों ने चौथे दिन भी धरना वीवी गब्बर सिंह चौक पर जारी रखा। टिहरी रियासत को राजशाही से मुक्ति दिलाने वाले श्रीदेव सुमन के पैतृक गांव जौल व प्रथम विक्टोरिया क्रास विजेता वीर गब्बर सिंह के गांव को जोड़ने वाले चंबा से जंगलात चौकी तक ग्राम जौल को जोड़ने वाले मोटर मार्ग के डामरीकरण व सुधारीकरण की मांग की जा रही है। लेकिन शासन–प्रशासन इस ओर आंखें मूंदे हुए है। मांग न मानी गई तो आंदोलन को तेज करने का काम किया जायेगा।

## महापंचायत के समर्थन में लोगों ने चंबा नगर में निकाली रैली

नई टिहरी : उत्तरकाशी जिले के पुरोला में होने वाली महापंचायत के समर्थन में चंबा कस्बे के व्यापारियों ने दो घंटे सांकेतिक तौर पर बाजार बंद रखा। इस दौरान विहिप के साथ अन्य हिन्दू संगठनों से जुड़े लोगों ने बाजार में रैली भी निकाली।

गुरुवार को पुरोला में होनी वाली महापंचायत के समर्थन विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, चंबा के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने चंबा कस्बे के मसूरी, कॉलेज, ब्लॉक और पुरानी टिहरी सड़क पर रैली निकालकर महापंचायत का समर्थन किया। चंबा के व्यापारियों ने महापंचायत के समर्थन में सुबह नौ बजे से 11 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। विहिप के जिलाध्यक्ष सुरम तोपवाल ने कहा कि उत्तराखंड में लव जिहाद और लैंड जिहाद की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, ऐसी घटनाओं पर प्रमुखता से अंकुश लगाया जाना चाहिए।


आज़ादी का अमृत महोत्सव भारतीय रेल G20

"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्ट्ज ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | RKM (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के पथरी स्टेशन की बलास्ट साइडिंग लाइन KM 12 (Ch: 12/80.00) से स्थान KM 14 (Ch: 14/160.00) तक संबंधित टर्न आउट और X-ओवर सहित मौजूदा लाइनों में संशोधन | 2.08 (28.06.2023) |

भारतीय रेल
25 के.वी. ए.सी. कर्षण की स्थापना
"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन शिरोपरी शुरू करने के संबंध में "उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के पथरी स्टेशन की बलास्ट साइडिंग लाइन KM 12 (Ch: 12/80.00) से स्थान KM 14 (Ch: 14/160.00) तक संबंधित टर्न आउट और X-ओवर सहित मौजूदा लाइनों में संशोधन" हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से 4.78 मीटर की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

**अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:-**

i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में बाधा।

ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।

iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

सं.: 17-Elect/C/TRD/MB/130-R
दिनांक: 15.06.2023
1837/2023

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उ.रे., मुरादाबाद

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# कम उम्र में टूटती डोर

उत्तराखंड के कई क्षेत्रों से पिछले कुछ दिनों में कम उम्र के बच्चों द्वारा जान देने की घटनाएं विचलित कर देने वाली है। राजधानी देहरादून में भी 19 साल के एक लड़के ने अपने कमरे में फांसी पर झूठ कर जान दे दी तो वहीं इससे ठीक एक दिन पहले राजधानी देहरादून में ही नाबालिक लड़की फांसी पर झूलने से पहले कमरे की दीवार पर सुसाइड नोट लिख कर गई। बेहद कम उम्र में इतने बड़े फैसले लेने की हिम्मत जुटाना कोई आसान काम नहीं है वह भी तब जब अभी तो जीवन का सफर शुरू होना है। संघर्ष की शुरुआत भी नहीं हुई और युवा भविष्य की चुनौतियों से डर कर हार मानने लगे हैं। अभिभावक अंत तक यह जान नहीं पाते कि आखिर बच्चों की मनोदशा क्य है और उनकी गतिविधियों में पूर्व की अपेक्षा यदि परिवर्तन हो रहे हैं तो उसके कारण क्या है? इन परिस्थितियों में एक समझदार अभिभावक परिस्थितियों को समझकर बच्चों से बात करता है और उनकी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश भी करते हैं लेकिन आज इंटरनेट के युग में सब कुछ मोबाइल फोन पर केंद्रित है लिहाजा बच्चे ना तो किसी से बात करने के लिए तैयार है और ना अपनी परेशानियां अभिभावकों या भाई बहनों के साथ साझा करने के लिए आगे आते हैं। बच्चों के मन में चल रही उधेड़बुन उन्हें मानसिक अवसाद की स्थिति में ले आती है और हिम्मत और धैर्य खो कर आखिरकार ऐसा कदम उठा लेते हैं जिसके बाद ताउम्र परिवार वाले आंसू बहाते हैं। मनोचिकित्सक भी है मानते हैं कि बच्चों का मन काफी कोमल होता है और उनके बालिक होने के साथ ही कई प्रकार के परिवर्तन से वे गुजरते हैं। क्योंकि भविष्य की चुनौतियां अभी शुरू होनी है लिहाजा कुछ युवक भविष्य को लेकर चिंताएं अपने मन में पहाड़ की तरह बिठा लेते हैं जो उन्हें लगातार कुंठित करते हुए चले जाते हैं। यही वह समय होता है जब अच्छी संगत और अच्छे दिशानिर्देशों की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में अध्यापक एवं माता–पिता की जिम्मेदारी सबसे अहम होती है कि वे बच्चों की भावनाओं को समझते हुए उन्हें सकारात्मक सोच की ओर ले जाए। बच्चों को समझना होगा की जीवन बेहद कीमती है और इसे अपनी नासमझी से शबाब करना कहीं से भी उचित नहीं है। कार आत्मक बातों एवं ऊर्जा के लिए अच्छे साहित्य का सहारा लेना चाहिए साथ ही मोबाइल से हटकर अपने माता–पिता व परिजनों के साथ समय बिताना चाहिए। कोई भी समस्या हो तो निसंकोच उसे अभिभावकों या फिर अध्यापकों के साथ साझा करें निश्चित तौर पर जीवन का अंत करना कोई हल नहीं है बल्कि समाधान तो ऐसी चुनौतियों से लड़ते हुए भविष्य की सुनहरी राह तय करना है। किशोरावस्था का समय अपने भविष्य को संवारने का होता है लेकिन यही उम्र का दौर काफी नाजुक भी होता है जिसमें उचित मार्गदर्शन बेहद कारगर साबित होता है, अन्यथा बच्चों को भटकते हुए देर नहीं लगती और वैसे ही कदम उठा लेते हैं जिनका उन्हें अपनी दृष्टि में कोई विकल्प नजर नहीं आता।

# हिंदी प्रदेशों में विपक्ष हारेगा !

**हरिशंकर व्यास**



**सितंबर में जी–20 की शिखर बैठक हो रही है। विश्व नेता दिल्ली आ रहे हैं। अक्टूबर में दशहरा–दीपवाली के साथ रामजी और अयोध्या का जगमग होना शुरू होगा। दिसंबर में संभव है पूर्वांचल–बिहार के लोगों के मुख्य शक्तिपीठ विंध्याचल मंदिर के नवनिर्माण–कॉरिडोर का नरेंद्र मोदी उद्घाटन करें। लोगों को अयोध्या–विंध्याचल की ओर ले जाने, घर–घर मैसेज बनवाने का, काशी–विंध्याचल–अयोध्या की यात्रा का महाअभियान चलाया जाए। मतलब नीतीश कुमार–तेजस्वी–अखिलेश जातिवादी राजनीति करते हुए वही यूपी–बिहार में मई तक घर–घर चलो अयोध्या का नारा गूंजता हुआ।**

**मैं कई बार लिख चुका हूं कि नरेंद्र मोदी कैलेंडर बना कर राजनीति करते हैं। सो, सितंबर 2023 से मई 2024 तक का उनका कैलेंडर वापिस सत्ता पाने के लिए आर–पार की लड़ाई की तैयारियों का है।**

कर्नाटक की जीत के बाद कांग्रेस और विपक्ष ने अपने हाथों अपने पांवों पर कब–कब कुल्हाड़ी मारी। पहली बात, कर्नाटक ने कांग्रेस और पूरे विपक्ष का दिमाग फिरा दिया है। बुजुर्ग शरद पवार भी बता रहे हैं कि हालात देख लोगों का बदलाव का मूड समझ आ रहा है। उधर राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस 150 सीटें जीतेगी। सबसे बड़ी बात जो विपक्ष की एकता कोशिशों में मल्लिकार्जुन खडग़े, राहुल गांधी, अखिलेश यादव हालातों के इलहाम में भाव खाते हुए हैं। एक और गंभीर बात कि पूरे विपक्ष ने कर्नाटक में भाजपा की हार के उलटे अर्थ निकाले हैं। अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह–कमलनाथ–भूपेश बघेल सबका फोकस जनता को रेवड़ियां देने, वादे करने पर बना है। रेवड़ियों से कांग्रेस आगे हिमाचल, राजस्थान, कर्नाटक मॉडल पर विधानसभा–लोकसभा चुनाव लडऩे की रणनीति बनाते हुए है। ऐसे ही अरविंद केजरीवाल भी रेवड़ियों की मार्केटिंग से नरेंद्र मोदी को पछाडऩे की गलतफहमी में हैं। जात और रेवड़ी के एक भ्रमजाल में विपक्ष फंसते हुए है। तभी दिसंबर के विधानसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी ऐसा धोबी पाट मारेंगे कि विपक्ष लोकसभा चुनाव लडऩे लायक नहीं रहेगा। सेमीफाइनल में ही कांग्रेस उत्तर भारत में आउट हो चुकी होगी। हिंदीभाषी उत्तर भारत की 227 लोकसभा सीटों में कांग्रेस तीन–चार सीटें नहीं जीत पाएगी तो पूरा विपक्ष इनमें बीस–पच्चीस सीटे जीत जाए तब भी बड़ी बात!

तभी इस गपशप की कटिंग काट कर रखें। शरद पवार, राहुल गांधी, नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल व अखिलेश यादव हालातों के इलहाम में सपने बना रहे हैं जबकि रियलिटी यह है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह उत्तर भारत के मतदाताओं की मानसिकता अनुसार चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा आदि की हाल में जो घंटों बैठक हुई है उसमें मेरी जानकारी और मेरा मानना है कि ये रत्ती भर विपक्ष की जात तथा रेवड़ी राजनीति की चिंता करते हुए नहीं हैं। भाजपा का सितंबर से दिसंबर के बीच पूरा फोकस इस नैरेटिव का होगा कि मोदीजी विश्व नेता हैं। हिंदू धर्म रक्षक हैं और दिसंबर के आखिर में हिंदीभाषी लोग जब वोट डालें तो अयोध्या में प्रभु राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए वोट डालें!

सितंबर में जी–20 की शिखर बैठक हो रही है। विश्व नेता दिल्ली आ रहे हैं। अक्टूबर में दशहरा–दीपवाली के साथ रामजी और अयोध्या का जगमग होना शुरू होगा। दिसंबर में संभव है पूर्वांचल–बिहार के लोगों के मुख्य शक्तिपीठ विंध्याचल मंदिर के नवनिर्माण–कॉरिडोर का नरेंद्र मोदी उद्घाटन करें। लोगों को अयोध्या–विंध्याचल की ओर ले जाने, घर–घर मैसेज बनवाने का, काशी–विंध्याचल–अयोध्या की यात्रा का महाअभियान चलाया जाए। मतलब नीतीश कुमार–तेजस्वी–अखिलेश जातिवादी राजनीति करते हुए वही यूपी–बिहार में मई तक घर–घर चलो अयोध्या का नारा गूंजता हुआ।मैं कई बार लिख चुका हूं कि नरेंद्र मोदी कैलेंडर बना कर राजनीति करते हैं। सो, सितंबर 2023 से मई 2024 तक का उनका कैलेंडर वापिस सत्ता पाने के लिए आर–पार की लड़ाई की तैयारियों का है। बहुत संभव है 2019 की तरह पाकिस्तान–चीन की सीमा पर फिर वह कुछ हो, जिससे उत्तर भारत के हिंदू वोट सब भूल कर दिन–रात इस राग में खो जाएं कि नरेंद्र मोदी की जगह है कौन? यदि वे फिर नहीं जीते तब देश बचेगा ही नहीं।

कह सकते हैं कि कर्नाटक में जब बजरंग बली का जादू नहीं चला तो हिंदी भाषी प्रदेशों में भी जनता तंग आ गई है! मगर इस तरह सोचना मतदाताओं की मनोदशा और हिंदीभाषी प्रदेशों की तासीर व जमीनी गणित से जुदा बात है। पहली बात कर्नाटक में भी भाजपा का अपना वोट नहीं डिगा है। 36 प्रतिशत वोट मिले ही हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की आंधी इसलिए आई क्योंकि दलित–मुस्लिम–ईसाई तथा कांग्रेस के अपने कोर वोट के अलावा वह मध्यवर्ग जुड़ा जो चार साल से भाजपा सरकार, उसके मंत्रियों, विधायकों के भ्रष्टाचार के हल्ले से खुन्नस में आ गया था। लोगों की बेहाली, महंगाई, बेरोजगारी आदि की तमाम तकलीफें बोम्मई सरकार के 40 प्रतिशत की बदनामी से जुड़ कर पकती गईं। ऊपर से नरेंद्र मोदी और अडानी ग्रुप, गुजराती अमूल के शोर ने लोगों का मूड बनाया। सो, भ्रष्टाचार के खिलाफ फ्लोटिंग वोट, घर बैठने वाले मतदताओं ने मतदान केंद्र जा कर वोट डाला।

मेरा मानना था, है और लगातार लिखता रहा हूं कि भारत में सत्ता परिवर्तन का प्रमुखतम निर्णायक कारण भ्रष्टाचार की दुखती नस है। कर्नाटक चुनाव से पहले अडानी ग्रुप, क्रोनी पूंजीवाद के साथ मोदी के जुड़ाव पर राहुल गांधी के फोकस से जहां उनकी मर्द, लड़ाकू और मेहनती नेता की इमेज बनी वही कांग्रेस की हवा। कर्नाटक में मैसेज बना कि मोदी की सरकार तो दो–तीन खरबपतियों के लिए है। हां, यही है जीत का, कांग्रेस, विपक्ष की उम्मीद का असली सूत्र! लेकिन कर्नाटक के बाद राहुल, कांग्रेस और विपक्ष इस बात को भूल बैठा है। इसलिए आश्चर्य नहीं जो अडानी ग्रुप यह कैंपेन चलाते हुए है कि हम तो असंभव को संभव कर दिखाते हैं। एक हिसाब से वही नारा जो मोदी खुद अपने लिए चलवाते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है!

भ्रष्टाचार के आम परसेप्शन ने कर्नाटक में भाजपा को हराया। कर्नाटक में लोकल भ्रष्टाचार और केंद्र में मोदी–अडानी भ्रष्टाचार के हल्ले से एक और एक ग्यारह हुआ। तभी बजरंग बली की दुहाई के बाद भी भाजपा नहीं जीती।मगर कैसा आश्चर्य जो नतीजों के बाद पूरा विपक्ष मोटा–मोटी इस खामोख्याली में (इसे प्रायोजित चुनावी विश्लेषण में जात, रेवड़ी व शिवकुमार के करिश्मे जैसी चर्चाओं से पकाया गया) है कि जात, तंगी, बदहाली से अपने आप माहौल व हवा बदलते हुए है। जरूरत इतनी भर है कि कांग्रेस और विपक्ष खूब वादे करें, लोगों का दिल–दिमाग नकद पैसा दे कर या उन्हें तमाम फायदे करा कर जीता जा सकता है! हैरानी की बात है जो कांग्रेस व विपक्ष के पुराने अनुभवी नेता भी यह नहीं समझे हुए कि 2014 में भ्रष्टाचार पहला मुद्दा था और उस पर मोदी के हिंदू–गुजरात मॉडल की सवारी थी। यही बात वीपी सिंह के समय हुई थी। भ्रष्टाचार के हल्ले पर उनकी ईमानदार की सवारी थी। यही फिनोमिना अरविंद केजरीवाल के अचानक नेता बनने की है। झाड़ू भ्रष्टाचार की सफाई का सिंबल था। पर केजरीवाल भी अब रेवड़ी मॉडल से फूले हुए हैं। तभी देखिएगा मई 2014 में रेविडय़ों का मॉडल उनके उम्मीदवारों की दिल्ली में जमानत जब्त करवाता हुआ होगा।

विषयांतर हो रहा है और गपशप फैलती हुई है। मोटी बात विपक्ष कर्नाटक नतीजों के बाद पटरी से उतर गया है। नरेंद्र मोदी की परेशानी व बदनामी वाली चुनौती खत्म हो गई है। मतलब लोग भूलते हुए हैं कि मोदी सरकार अमीरों की सरकार है। न वे भ्रष्ट हैं और न अडानी। पहलवान आंदोलन, बेरोजगारी, मंहगाई से लोगों का दिमाग नहीं बदलता है। इस बात को भी नोट रखें कि नरेंद्र मोदी लगातार 100 करोड़ लोगों को लगभग फ्री अनाज या नकद मदद खाते में डलवा रहे हैं। हालात यह है कि गरीब भी फ्री का राशन ले कर 25–40 रुपए प्रति किलो की रेट पर बाजार में बेच कर कमाई करते हुए है। आम वोटों के लिए रेवड़ी योजनाएं छोटी–सामान्य बात है। इससे लोगों में वोट डालने का जोश नहीं बनता है। वैसा तो कतई नहीं जैसा कर्नाटक में कांग्रेस के लिए बना था।

# माउथ फ्रेशनर के रूप में इस्तेमाल करें घर पर मौजूद ये 5 चीजें, मुंह रहेगा तरोताजा



खाना खाने के बाद कई बार मुंह से बदबू आती है, इसलिए तरोताजा महसूस करने के लिए माउथ फ्रेशनर का सेवन किया जाता है। वैसे तो बाजार में कई तरह के स्वाद वाले माउथ फ्रेशनर आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन बाहर से खरीदी हुई चीज से अच्छा है कि आप प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल अधिक करें। आइये आज हम आपको घर पर मौजूद 5 ऐसी चीजें बताते हैं, जिन्हें आप माउथ फ्रेशनर के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पुदीने की पत्तियों का करें सेवन**

पुदीने का इस्तेमाल माउथ फ्रेशनर के रूप में किया जा सकता है। इसकी पत्तियों को चबाने से मुंह तरोताजा हो जाता है और इससे सांसों की दुर्गंध और खाने के बाद मुंह की दुर्गंध से भी छुटकारा मिलता है। इस कारण यह कई तरह के टूथपेस्ट में भी एक महत्वपूर्ण तत्व होता है। यह विटामिन– ए और सी, आयरन, मैग्नीशयम और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण से भरपूर होता है, जो मुंह में मौजूद गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मार सकते हैं।

**गुलकंद भी आएगा काम**

गुलकंद को गुलाब की पंखुडिय़ों से बनाया जाता है, जिसमें मिठास के साथ खुशबू होती है। यह भोजन में स्वाद बढ़ाने के अलावा मुंह में ठंडक प्रदान कर सकता है, जिससे आपकी सांसें ताजा हो जाती हैं। इसके अलावा यह एसिडिटी, गैस और कब्ज जैसे पाचन संबंधी परेशानियों के इलाज में भी प्रभावी है। नियमित रूप से 2 चम्मच गुलकंद के सेवन से स्वास्थ्य को कई अन्य फायदे भी मिल सकते हैं।

**लौंग भी है फायदेमंद**

लौंग एंटी–बैक्टीरियल गुणों से समृद्ध होता है, जो मसूड़ों से खून आने और दांतों की सडऩ जैसी कई मुंह की दिक्कतों से निजात दिलाने में मदद करता है। यह आपके मुंह के बैक्टीरिया को कम करने के साथ ही सांसों की बदबू और सूखेपन को भी दूर करता है। बेहतर परिणाम के लिए लौंग को चबाने की बजाय मुंह में रखकर चूसते रहिए। आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर लौंग के सेवन से ये फायदे भी मिलते हैं।

**दालचीनी का करें इस्तेमाल**

रसोई में मौजूद दालचीनी भी सांसों की बदबू को दूर करने में आपकी मदद कर सकती है। यह एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर है। यह मुंह में उन बैक्टीरिया से लडऩे में सक्षम होते हैं, जो दांतों को खराब और गंध पैदा कर सकते हैं। लौंग की तरह ही दालचीनी का एक छोटा–सा टुकड़ा अपने मुंह में रखें और इसे थूकने से पहले इसका रस अच्छे से चूस लें। दालचीनी से ये स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं।

**तुलसी के पत्ते हैं कारगर**

तुलसी का पौधा लगभग हर घर में आसानी से मिल जाता है क्योंकि बहुत लोग इस पौधे की पूजा करते हैं। आयुर्वेद में तुलसी का इस्तेमाल कई परेशानियों को ठीक करने के लिए किया जाता है, जिनमें से एक सांसों की दुर्गंध को दूर करना भी शामिल है। लाभ के लिए आप धूप में सुखाई गई तुलसी की पत्तियों के पाउडर से ब्रश कर सकते हैं या फिर इसकी कुछ ताजी पत्तियों को चबा सकते हैं।

# मणिपुर की चिंता करनी चाहिए

**सोचें, मणिपुर में छह साल से ज्यादा समय से 'डबल इंजनइ की सरकार है, जिसका दावा है कि उसने पूवीत्तर को मुख्यधारा से जोड़ा है और हिंसा समाप्त की है। इस दावे की हकीकत मणिपुर में दिख रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चार दिन तक मणिपुर में रहे और बाद में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को शांति बहाली के उपाय खोजने इंफाल भेजा गया। परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पूरे घटनाक्रम पर चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा है। न तो हिंसा में उलझे समुदायों से कोई अपील की है और न अपनी तरफ से अलग अलग समुदायों के बीच का अविश्वास दूर करने और राजनीतिक–सामाजिक समाधान की पहल की है। एक चिंता की बात यह भी है कि सरकार इसे कानून व्यवस्था की समस्या मान कर सुलझाने की पहल कर रही है, जबकि यह एक राजनीतिक व सामाजिक समस्या है, जिसकी जड़ें बहुत गहरी हैं।भले मैती आरक्षण के बहाने इस हिंसा की शुरुआत हुई है क्योंकि जो वर्ग पहले से लाभार्थी है उसे अपनी श्रेणी में दूसरे समुदाय का शामिल होना कबूल नहीं है। लेकिन यह मामला इतना भर नहीं है। यह जमीन का मामला है, पहाड़ और जंगल का मामला है, पहाड़ और घाटी का मामला है, प्राकृतिक संसाधनों से लेकर प्रशासन को नियंत्रित करने का मामला है, कारोबार पर कब्जे का मामला है, राजनीतिक वर्चस्व का मामला है, कुकी व मैती के साथ साथ नगा हितों का भी मामला है, जिसे सिर्फ सुरक्षा बलों के सहारे नहीं ठीक किया जा सकता है। इसके लिए राज्य और केंद्र दोनों सरकारों की ओर से संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है। सरकार को समस्या की गहराई और इसके विस्तार को समझते हुए सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रख कर रास्ता निकालने की जरूरत है। पूरे देश में जिस तरह बहुसंख्यकवाद की राजनीति चल रही है उसे अगर मणिपुर में लागू किया जाता है तो इसके भंयकर दुष्परिणाम होंगे। इसकी बजाय राज्य में भरोसे की राजनीतिक व्यवस्था बनाने की जरूरत है।**

**अजीत द्विवेदी**



पूवीत्तर के राज्यों की खबरें राष्ट्रीय मीडिया में तभी आती हैं, जब वहां कोई हिंसा होती है, अलगाववादी आंदोलन जोर पकड़ता है या चुनाव होते हैं। इसके अलावा मुख्यधारा का मीडिया पूवीत्तर के घटनाक्रम से तटस्थ बना रहता है। पिछले एक महीने में कई बार मणिपुर मुख्यधारा की राष्ट्रीय मीडिया में सुर्खियों में रहा तो उसका कारण यह था कि वहां हिंसा भड़की थी। कुकी और मैती समुदाय के बीच जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक एक सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यह हैरान करने वाली बात है कि तीन मई को हिंसा भड़कने के बाद कई दिन तक दिल्ली खबर नहीं पहुंची थी कि वहां क्या हो रहा है। उस दिन से राज्य में इंटरनेट की सेवा बंद हुई, जो अभी तक बंद है और 15 जून तक बंद रहेगी। इस तरह से इंटरनेट बंद किए जाने के खिलाफ दो लोग सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे लेकिन सवीच्च अदालत ने भी उनकी याचिका पर जल्दी सुनवाई से इनकार कर दिया। आम लोग संचार के बुनियादी साधनों से महरूम हैं और इसके बावजूद शांति बहाली नहीं हो पा रही है!

मणिपुर की हिंसा के बुनियादी कारणों और उसके समाधान के बारे में बात करने से पहले अगर हिंसा के अलग अलग पहलुओं को देखें तो बहुत चिंताजनक तस्वीर उभरती है। मणिपुर हिंसा कैसे शुरू हुई, किस तरह से उसका फैलाव पूरे प्रदेश में हो गया, कैसे इतने लंबे समय तक हिंसा चलती रही और इस दौरान कितनी बर्बरता हुई, इसकी कहानियां बेहद परेशान करने वाली हैं। हाल के दिनों में किसी भी राजनीतिक या सामाजिक आंदोलन में ऐसी बर्बरता नहीं देखने को मिली, जैसी मणिपुर में मिली है। एक सात साल के बच्चे तोंसिंग हैंगिंग की बर्बर हत्या किसी भी संवेदनशील इंसान को विचलित कर सकती है। तोंसिंग को सिर में गोली लगी थी और उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था। एक भीड़ ने एंबुलेंस को रोक कर उसमें आग लगा दी, जिसमें सात साल के तोंसिंग, उसकी मां और एक अन्य रिश्तेदार की मौत हो गई। सोचें, किसी भी सभ्य समाज में ऐसी अमानवीय और वीभत्स घटना की कल्पना की जा सकती है? घरों में आग लगाने की कई और घटनाएं हुईं।

हिंसा की शुरुआत हाईकोर्ट के एक आदेश से हुई, जिसमें अदालत ने राज्य के बहुसंख्यक मैती समुदाय को एसटी का दर्जा देने के प्रस्ताव पर विचार करने को कहा। कुकी समुदाय ने इसका विरोध किया और अदालत के फैसले के खिलाफ आदिवासी एकजुटता मोर्चा की एक रैली निकाली। तीन मई को निकाली गई रैली से टकराव शुरू हुआ, जिसमें भयंकर हिंसा का रूप ले लिया। पहले दो दिन की हिंसा में 54 लोग मारे गए। उसके बाद आनन–फानन में सेना तैनात की गई और अर्धसैनिक बलों को नियुक्त किया गया। अब सवाल है कि क्या इतने बड़े पैमाने पर हुई हिंसा स्वंयस्फूर्त थी? अभी तक ऐसा ही माना जा रहा है लेकिन असल में ऐसा नहीं है। राज्य के दोनों मुख्य जातीय समूहों कुकी और मैती के बीच जातीय टकराव का पुराना इतिहास रहा है। दोनों समुदाय एक–दूसरे पर अविश्वास करते हैं। कुकी इस बात से परेशान रहते हैं कि मैती समुदाय को राजनीतिक रूप से ज्यादा महत्व मिलता है क्योंकि उनके चुने हुए प्रतिनिधियों की संख्या ज्यादा होती है। दोनों समुदाय हमेशा लडऩे के लिए तैयार रहते हैं। हाईकोर्ट के फैसले ने दोनों समुदायों के बीच की फॉल्टलाइन जाहिर हुई और बरसों से दबा आक्रोश बाहर आ गया। पूरे राज्य में हिंसा फैल गई।

पूरा राज्य किस तरह से कुकी और मैती में बंटा है, वह कई तरह से दिखा। कुकी समुदाय के विधायक तक राजधानी इंफाल छोड़ कर पहाड़ों में चले गए। उन्होंने केंद्र सरकार के सामने मणिपुर से अलग होने की मांग रखी। एक महीने से ज्यादा समय से चल रही हिंसा के बीच अब राज्य में कोई मणिपुरी नहीं है या भारतीय नहीं है। कोई पुलिसवाला, कोई अधिकारी या कोई कारोबारी नहीं है। सब कुकी हैं या मैती हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों में भी यह विभाजन है। सरकारी कर्मचारियों में भी ऐसा विभाजन है। एक हैरान करने वाली बात यह है कि एक महीने की हिंसा में सुरक्षाकर्मियों से तीन हजार हथियार छीन लिए गए। क्या हथियारबंद और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी से हथियार छीन लेना इतना आसान होता है? अब पूरे राज्य में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है ताकि हथियार वापस हासिल किए जा सकें। कहीं कहीं से कुछ हथियार बरामद हुए हैं लेकिन ज्यादातर हथियार अब भी उपद्रवियों के पास हैं और यह एक बड़ा कारण है, जिससे हिंसा नहीं थम रही है। पहाड़ों, जंगलों में हथियारबंद उपद्रवी हैं और 50 हजार से ज्यादा लोग राहत शिविरों में हैं!

सोचें, मणिपुर में छह साल से ज्यादा समय से 'डबल इंजनइ की सरकार है, जिसका दावा है कि उसने पूवीत्तर को मुख्यधारा से जोड़ा है और हिंसा समाप्त की है। इस दावे की हकीकत मणिपुर में दिख रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चार दिन तक मणिपुर में रहे और बाद में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को शांति बहाली के उपाय खोजने इंफाल भेजा गया। परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पूरे घटनाक्रम पर चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा है। न तो हिंसा में उलझे समुदायों से कोई अपील की है और न अपनी तरफ से अलग अलग समुदायों के बीच का अविश्वास दूर करने और राजनीतिक–सामाजिक समाधान की पहल की है। एक चिंता की बात यह भी है कि सरकार इसे कानून व्यवस्था की समस्या मान कर सुलझाने की पहल कर रही है, जबकि यह एक राजनीतिक व सामाजिक समस्या है, जिसकी जड़ें बहुत गहरी हैं।भले मैती आरक्षण के बहाने इस हिंसा की शुरुआत हुई है क्योंकि जो वर्ग पहले से लाभार्थी है उसे अपनी श्रेणी में दूसरे समुदाय का शामिल होना कबूल नहीं है। लेकिन यह मामला इतना भर नहीं है। यह जमीन का मामला है, पहाड़ और जंगल का मामला है, पहाड़ और घाटी का मामला है, प्राकृतिक संसाधनों से लेकर प्रशासन को नियंत्रित करने का मामला है, कारोबार पर कब्जे का मामला है, राजनीतिक वर्चस्व का मामला है, कुकी व मैती के साथ साथ नगा हितों का भी मामला है, जिसे सिर्फ सुरक्षा बलों के सहारे नहीं ठीक किया जा सकता है। इसके लिए राज्य और केंद्र दोनों सरकारों की ओर से संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है। सरकार को समस्या की गहराई और इसके विस्तार को समझते हुए सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रख कर रास्ता निकालने की जरूरत है। पूरे देश में जिस तरह बहुसंख्यकवाद की राजनीति चल रही है उसे अगर मणिपुर में लागू किया जाता है तो इसके भंयकर दुष्परिणाम होंगे। इसकी बजाय राज्य में भरोसे की राजनीतिक व्यवस्था बनाने की जरूरत है। साथ ही यह समझना होगा कि इसका कोई तात्कालिक समाधान नहीं हो सकता है। सबसे पहले सभी पक्षों बीच संवाद स्थापित करने की पहल करनी होगी ताकि कटुता और शत्रुता समाप्त की जा सके। उसके बाद ढांचागत समस्या को दूर करने की सांस्थायिक पहल करनी होगी। तात्कालिक समाधान निकलने की कोई भी पहल मामले को और उलझाएगी। जैसे अगर सरकार मैती समुदाय को एसटी में शामिल करने पर दिए गए हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील करती है तो मैती समुदाय के लोग भड़केंगे और हिंसा तेज हो सकती है। इसलिए यथास्थिति बनाए रखते हुए समाधान निकालने की पहल होनी चाहिए।

# दो दशक में चक्रवाती तूफान से होने वाली मौतें 88% घटीं, इनसे निपटने में कैसे सफल हुआ भारत ?

**नई दिल्ली , एजेंसी।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय चर्चा का विषय बना हुआ है। हाल के कुछ वर्षों में भारतीय क्षेत्र में चक्रवातों का सिलसिला बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन को इसकी वजह बताया जाता है। भारत ने इनसे निपटने के लिए पूर्व चेतावनी जैसे मानक बदलाव लागू किए हैं। इसका नतीजा यह रहा है कि चक्रवात अब उतने बड़े खतरे नहीं रह गए हैं जितने 2000 के दशक की शुरुआत तक थे।

भारत, अपनी असामान्य भू-जलवायु और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के कारण, बाढ़, सूखा, चक्रवात, सूनामी, भूकंप, शहरी बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन और जंगल की आग के लिए अलग-अलग स्तर में असुरक्षित है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 27 आपदा प्रभावित हैं।

7,516 किमी के समुद्र तट में से, 5,700 किमी चक्रवात और सुनामी के प्रति संवेदनशील है। भारत की लंबी तटरेखा दुनिया के उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के 10% के संपर्क में है। भारत के पश्चिमी और पूर्वी तट अक्सर चक्रवाती तूफानों का सामना करते हैं। कम से कम 13 तटीय क्षेत्र और केंद्र शासित प्रदेश चक्रवात की चपेट में हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, गुजरात, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं।मार्च 2021 में लोकसभा में सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2020 में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के ऊपर पांच चक्रवात बने जबकि भारतीय तट पर चार चक्रवात टकराए। इस साल 113 लोगों की जान चली गई। इसी तरह 2019 में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के ऊपर बनने वाले चक्रवातों की कुल संख्या आठ थी जबकि भारतीय तट पर दो चक्रवात टकराए। इस दौरान 105 लोगों की मौत हुई। साल 2018 में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के ऊपर सात चक्रवात बने जबकि भारतीय तट पर तीन चक्रवात टकराए। इस दौरान 131 लोगों की मौत हुई। साल 2017 में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के ऊपर तीन ही चक्रवात बने। साल 2016 में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के ऊपर चार चक्रवात बने जबकि भारतीय तट पर एक चक्रवात टकराए। इस दौरान छह लोगों की मौत हुई। साल 2021 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम राजीवन द्वारा प्रकाशित शोध अध्ययन में कहा गया कि 2000 से 2019 के बीच चक्रवात के कारण होने वाली मौतों की संख्या में काफी कमी आई है। 1970-2019 से 50 वर्षों में 117 चक्रवात भारत में आए, जिसमें 40,000 से अधिक लोगों की जान चली गई। अध्ययन में कहा



गया है कि 1971 में बंगाल की खाड़ी में चार उष्णकटिबंधीय चक्रवात बने थे। एक विनाशकारी तूफान 30 अक्टूबर, 1971 की सुबह ओडिशा तट पर टकराया था जिससे जान और माल को बहुत गंभीर नुकसान पहुंचा था। करीब 10,000 लोगों के मारे गए और दस लाख से अधिक लोग बेघर हो गए। 1977 में बंगाल की खाड़ी के ऊपर दो उष्णकटिबंधीय चक्रवात बने, जिनमें से दूसरा 200 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा की गति के साथ एक बहुत ही गंभीर उष्णकटिबंधीय चक्रवात चिराला था। पांच मीटर ऊंची लहरें तटीय आंध्र प्रदेश से टकराईं। अनुमानित मृत्यु लगभग 10,000 थी और बुनियादी ढांचे और फसलों को कुल नुकसान उस समय 2.5 करोड़ से अधिक था। अकेले 1970-1980 के दशक में चक्रवातों के कारण 20,000 से अधिक मृत्यु दर्ज की गई। हालांकि, विश्लेषण से आगे पता चलता है कि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से जुड़ी मृत्यु दर गंभीर उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की बढ़ती प्रवृत्ति के बावजूद, 2000-2009 की तुलना में 2010-2019 में 88 प्रतिशत घट गई। बीते कई वर्षों में भारत ने चक्रवातों के लिए तीन-स्तरीय प्रतिक्रिया तंत्र पर काम किया है। पहला सॉफ्टवेयर से संबंधित है जिसमें एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, स्थानीय आबादी के बीच जागरुकता पैदा करना, निकासी योजना और अभ्यास, प्रशिक्षण और सूचना का प्रसार शामिल है। दूसरे स्तर पर लोगों और मवेशियों को स्थानांतरित करने के लिए आश्रयों का निर्माण, मौसम उपकरणों की स्थापना और बेहतर पूर्वानुमान के लिए चेतावनी केंद्र और तटबंधों का निर्माण, सड़कों और पुलों को जोड़ना। अंतिम स्तर तटीय बुनियादी ढांचे को चक्रवातों के प्रति लचीला बनाने के बारे में है। इसके लिए बिजली लाइनों या पानी की आपूर्ति लाइनों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को भूमिगत किया जाना है ताकि रेलवे नेटवर्क और हवाई अड्डे जलमग्न न हों और काम करना जारी रखें और स्वास्थ्य व्यवस्था बाधित न हो। इस प्रतिक्रिया प्रणाली की पहले दो स्तर पर काफी मात्रा में काम पूरा किया जा चुका है। यही वजह है कि चक्रवातों की सटीक भविष्यवाणी कई दिनों पहले की जाती है और जनहानि में भारी कमी आई है। तीसरे स्तर पर अभी काम चल रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा कहते हैं, 'आईएमडी की पूर्वानुमान क्षमताओं में सुधार के साथ पिछले कुछ वर्षों में चक्रवातों के दौरान मौत के कारणों में बदलाव आया है। पहले तूफान मौत का प्रमुख कारण था, लेकिन अब ज्यादातर मौतें पेड़ या घर के गिरने से होती हैं। समय के साथ-साथ पूर्वानुमान और साथ ही इन घटनाओं से निपटने की प्रक्रिया में काफी बदलाव आया है। अब पूर्व चेतावनी के साथ निचले इलाकों से लोगों को निकाल लिया जाता है।'

## संसद के अंदर हुआ यौन शोषण, मुझे गलत तरीके से किया गया टच... सांसद ने रो-रोकर बयां किया दर्द

**सिडनी , एजेंसी।** संसद के अंदर एक महिला सांसद की रोती तस्वीर आज दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल ऑस्ट्रेलियाई सांसद लीडिया थोर्प ने आरोप लगाया है कि संसद में उनका यौन उत्पीडऩ किया गया। उन्होंने कहा कि ये इमारत महिलाओं के काम करने के लिए सेफ नहीं है और वो ये कहते हुए रो पड़ीं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनके ऊपर गंदी टिप्पणियां की गई। एक सीढ़ी के पास उनको घेर लिया गया और गलत तरीके से छुआ गया। थोर्पे ने रूढ़िवादी डेविड वैन के खिलाफ आरोप लगाए हैं। हालांकि डेविड वैन ने सिरे से इन आरोपों को खारिज कर दिया है। वैन का कहना है कि इन आरोपों की वजह से वो टूट गए हैं और बहुत परेशान हैं। लोकल मीडिया को उन्होंने बताया कि वो पूरी तरह से झूठे आरोप हैं। हालांकि लिबरल पार्टी ने वैन को पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। थोर्प ने कहा कि हर किसी के लिए यौन उत्पीडऩ का मतलब अलग-अलग है। उन्होंने कहा कि मेरे साथ जो हुआ वो मैं बताती हूं। मेरे साथ जबरदस्ती की गई। मुझे गलत तरीके से छुआ गया। मैं ऑफिस के गेट से बाहर निकलने से डरती थी। पहले मैं दरवाजें को थोड़ा सा खोलती थी। उसके बाद बाहर देखती थी कि कहीं कोई है तो नहीं। जब मुझे रास्ता साफ दिखता था तब मैं बाहर निकलती थी। मैं इस हद तक डर गई थी कि जब इमारत के अंदर जाती थी तो किसी को साथ लेकर जाती थी। कथित रूप से पीड़ित सांसद ने कहा कि मैं जानती हूं कि मेरे जैसे और भी पीड़ित हैं लेकिन वो अपने करियर के कारण कभी सामने नहीं आए।

## फिलीपींस में पुलिस दल पर घात लगाकर हमला, दो पुलिस अधिकारियों की मौत, चार घायल

**मनीला , एजेंसी।** फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में सशस्त्र समूह ने एक पुलिस वाहन पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मुस्लिम मिंडानाओ (बीएआरएमएम) में बंगसमोरो स्वायत्त क्षेत्र के क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल एलन नोबलजा ने कहा कि यह हमला मगुइंडानाओ डेल सुर प्रांत के शरीफ अगुआक में स्थानीय समय बुधवार को रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ। हमला के समय पुलिस दल नियमित गश्त से शिविर की ओर वापस जा रहा था। उन्होंने कहा कि हमला मुख्यालय से कुछ मीटर की दूरी पर हुआ। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस हमले के मकसद की जांच कर रही है।

## यूक्रेन ने डोनेटस्क में दागे 20 रॉकेट

**डोनेटस्क , एजेंसी।** यूक्रेन की सेना ने डोनेटस्क शहर में 20 रॉकेट दागे हैं। यह जानकारी यूक्रेन के युद्ध अपराधों से संबंधित मुद्दों पर डोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) के संयुक्त केंद्र नियंत्रण एवं समन्वय (जेसीसीसी) के प्रतिनिधि कार्यालय ने दी है।

## बड़ा हादसा : प्रवासियों को ले जा रहा जहाज समुद्र में डूबा, 78 लोगों की मौत, 104 को बचाया

**एथेंस , एजेंसी।** यूनान के पेलोपोनिसे में प्रवासियों को लेकर जा रहे जहाज डूबने से कम से कम 78 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 104 लोगों को बचा लिया गया है। यूनान की मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईआरटी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना भूमध्य सागर में सबसे घातक प्रवासी जलपोतों के दुर्घटनाग्रस्त होने में से एक है।

## मोदी अमेरिका में करेंगे भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर बात

**नईदिल्ली, एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह यहां भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करने के दौरान भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर बात करेंगे. कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले एक सामुदायिक नेता ने यह जानकारी दी.

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा करने वाले हैं. बाइडन दंपत्ति 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में मोदी की मेजबानी करेंगे. इस यात्रा में 22 जून को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करना भी शामिल है. अगले सप्ताह के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को वाशिंगटन डीसी में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग स्थल पर मौजूद शिकागो के डॉ. भरत बरई ने कहा कि कार्यक्रम की सभी टिकटें बिक चुकी हैं, तथा सभी 838 सीटों के लिए पंजीकरण पूरा हो गया है.मोदी 23 जून को वाशिंगटन में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग एंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में देश भर से आमंत्रित समुदाय के नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे.

## मयूर विहार फेस-3 स्थित बेकरी में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मयूर विहार फेस 3 में गुरुवार शाम एक बेकरी में आग लग गई। आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। फिलहाल आग लगने के कारणों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। साथ ही आगजनी में फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी भी नहीं मिली है।



इससे पहले मुखर्जी नगर स्थित पांच मंजिला कोचिंग सेंटर में भी आग लगी थी। हादसे के समय पूरी इमारत में करीब 600 से अधिक छात्र मौजूद थे। सीढ़ियों के पास बिजली मीटर में लगी आग के कारण सभी मंजिलों पर धुंआ भर गया। शार्ट सर्किट के कारण बिजली भी गुल हो गई। अंधेरा होने व धुंआ भरने से चीख-पुकार मच गई। छात्रों का दम घुटने लगा तो खिड़कियों के शीशे तोड़कर मदद की गुहार लगाने लोग।

आसपास मौजूद लोगों व दूसरे कोचिंग सेंटर के छात्र शोर-शराबा सुनकर मदद के लिए भागे। किसी तरह इमारत की तीनों ओर रस्सियां लटकाकर छात्र-छात्राएं नीचे उतरने लगे। वहीं, कुछ छात्र तारों के सहारे भी नीचे उतरे। जल्दबाजी के चक्कर में कुछ लड़के-लड़कियां पांचवीं और चौथी मंजिल से नीचे गिरकर घायल भी हो गए।

हालांकि, लोगों ने सड़क पर पानी की बोतलें, छात्रों के बैग व गद्दे रख दिए थे। इससे नीचे गिरने पर कम चोट लगी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों की मदद से सीढ़ी लगाकर छात्रों को इमारत से बाहर निकाला गया। हादसे में करीब 70 छात्र चोटिल हुए हैं। देर शाम तक क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम घटनास्थल की जांच में जुटी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आग लगने के संबंध में मामला दर्ज करने की तैयारी में जुटे थे। इस बात का भी पता किया जा रहा था कि इमारत में आग से बचाव के इंतजाम थे या नहीं। पुलिस ने टीचर और बच्चों के बयान लेना शुरू कर दिए हैं।

## दिल्ली कोचिंग सेंटर में लगी आग पर काबू पाया गया, कई छात्र घायल

नई दिल्ली,एजेंसी । दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में गुरुवार को एक कोचिंग सेंटर में आग लग गई। इस घटना में कुछ छात्रों के घायल होने की खबर सामने आई है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि कोचिंग सेंटर में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। यह सेंटर एक चार मंजिला में चल रहा था।

अधिकारी ने कहा कि सभी छात्रों को बचा लिया गया है और प्रारंभिक जांच के अनुसार आग इमारत में लगे बिजली के मीटर से लगी।दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, ज्ञान बिल्डिंग में आग लगने की सूचना दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर मिली।उन्होंने कहा कि कुल 11 दमकल गाडियों को मौके पर भेजा गया और बचाव अभियान पूरा कर लिया गया है।

## पूर्वोत्तर का ढोल पीटने वाली मोदी सरकार ने मणिपुर में मानवता की आवाज दबा दीः खडगे

**नई दिल्ली, एजेंसी (आरएनएस)।** कांग्रेस ने पूर्वोत्तर भारत के बारे में मोदी सरकार के बेशर्म होकर ढोल पीटने पर सवाल उठाते हुए हिंसा प्रभावित मणिपुर में ताजा हत्याओं को लेकर बुधवार को एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया, मणिपुर हिंसा में कल नौ लोगों की जान चली गई। पूर्वोत्तर भारत के बारे में मोदी सरकार के बेशर्म होकर ढोल पीटने से मणिपुर में मानवता की आवाज डूब गई है।यहां तक कि भारत के एक खूबसूरत सीमावर्ती राज्य को उग्र आग के एक अंतहीन सर्पिल में गिरा दिया गया है, प्रधानमंत्री मोदी जी ने रास्ता बदल दिया है - बदमाशों ने पांच लाख गोला बारूद और 4,573 हथियारों को पुलिस शस्त्रागार से लूट लिया है और सैकड़ों पूजा स्थल नष्ट हो गए हैं।उन्होंने कहा कि यह अकल्पनीय है कि असम राइफल्स के सैनिक, जो भारतीय सेना के अधीन हैं, फंसे रह गए हैं और उन्हें सेना के हेलीकॉप्टरों द्वारा राशन की आपूर्ति करनी पड़ी है और राष्ट्रीय राजमार्ग-2 की नाकाबंदी के कारण रसद की भारी कमी की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।अपना हमला जारी रखते हुए खडगे ने कहा : केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) द्वारा घोषित उपाय बहुत कम और बहुत देर से आए और जमीन पर उतरने में विफल रहे। मोदी मूकदर्शक बने रहे। लेकिन, कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की अक्षमता पर सवाल उठाती रहेगी।

यह सवाल करते हुए कि भाजपा की डबल इंजन सरकार मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में विफल क्यों रही है, उन्होंने पूछा कि क्या ऐसा इसलिए था क्योंकि भाजपा अपने सस्ते राजनीतिक लाभ के लिए जातीय समूहों के बीच दरार को चौड़ा करना चाहती है?

उन्होंने खबरों का हवाला देते हुए कहा कि एनडीए के एनईडीए अध्यक्ष और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य ने मिलकर पिछले चुनाव में विद्रोही संगठनों की मदद ली थी, जो अब स्पष्ट हो रहा है।उन्होंने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री ने राजनीतिक समाधान के लिए सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाई? खडगे ने कहा, समय आ गया है कि मोदी सरकार मणिपुर के लोगों पर किए गए अपराधों की जिम्मेदारी ले और जवाबदेह बने।

## संसद भवन में हुई पहले हिंदू-अमेरिकन सम्मेलन की शुरुआत, वैदिक मंत्रोच्चारों से गूंज उठा यूएस

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की सत्ता के केंद्र यूएस कैपिटोल हिल में अमेरिका का पहला हिंदू, अमेरिकन सम्मेलन हुआ। यह सम्मेलन 14 जून को हुआ, जिसका मकसद अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय की दिक्कतों की तरफ अमेरिका के कानून निर्माताओं का ध्यान आकर्षित करना था। इस सम्मेलन को अमेरिकन फॉर हिंदूज का नाम दिया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस सम्मेलन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और प्रार्थना के साथ हुई। इस दौरान रोमेश जापरा ने कहा कि हमारे हिंदू मूल्य पूरी तरह से अमेरिकी संविधान के साथ साझा हैं, वह भगवद गीता के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। इसलिए हम हिंदू अमेरिकन्स को आवाज देने के लिए समर्पित हैं। इस हिंदू सम्मेलन के संस्थापक और चेयरमैन रोमेश जापरा ने बताया कि यह सम्मेलन पहली बार हो रहा है। हिंदू अमेरिकन सम्मेलन का आयोजन राजनीतिक भागीदारी के लिए हो रहा है। हमारा समुदाय कई क्षेत्रों में सक्रिय है, जैसे सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और अन्य सभी क्षेत्रों में, लेकिन राजनीति के मामले में हम बहुत पीछे हैं। अमेरिकन फॉर हिंदूज सम्मेलन का आयोजन अमेरिकन फॉर हिंदूज पॉलिटिकल एक्शन कमेटी ने 20 अन्य डायस्पोरा के साथ मिलकर किया है।

## सभी जिलों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के आदेश

### कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**कोलकाता, एजेसी।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव के लिए राज्य के सभी जिलों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि 48 घंटे के भीतर राज्य चुनाव आयोग को केंद्रीय बलों के लिए केंद्र से अनुरोध करना होगा। उल्लेखनीय है कि विपक्षी पार्टियां राज्य पंचायत चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची थीं। गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की खंडपीठ ने उनकी याचिकाओं पर फैसला सुनाया।

इस बीच विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम यही चाहते थे। राज्य की पुलिस के



भरोसे निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संभव नहीं था।इसके अलावा अधिकारी ने राज्य चुनाव आयोग के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में एक और याचिका लगाई है। उन्होंने मांग की है कि जिन लोगों को नामांकन करने से रोका गया है, उनको दोबारा से मौका मिले।

दरअसल, पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के नामांकन का गुरुवार को आखिरी दिन है। राज्य के अलग-अलग जिलों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। कहीं मारपीट हुई तो कहीं गोली और बम चले। गुरुवार को पूरे दिन प्रदेश भर में हिंसा जारी रही। इस हिंसा ने अब तक दो लोगों की जान ले ली है। उत्तर दिनाजपुर और दक्षिण 24 परगना में हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई है। 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें पुलिसकर्मी भी हैं। उनको अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई जगह धारा 144 लागू कर दी गई है, जबकि कई जगह इंटरनेट सेवा बंद करने की खबर भी आ रही है।

जानकारी के मुताबिक, आज उत्तरी दिनाजपुर में तीन लोगों को उस वक्त गोली मार दी गई, जब वे नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ये सीपीआईएम और कांग्रेस के कार्यकर्ता थे। इनमें से एक की मौत हो गई है। दक्षिण 24 परगना जिले में भी दिनभर गोली और बम चलने की खबरें आती रहीं। यहां भांगड़ 2 बीडीओ कार्यालय परिसर बम धमाकों से दहल उठा। इस हमले में एक आईएसएफ कर्मी की मौत हो गई। हिंसा में घायल पुलिलकर्मी सहित 20 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस फोर्स को तैनात कर दी गई है।

इस बीच जानकारी मिली है कि एक लाख से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। उल्लेखनीय है कि 8 जुलाई को पंचायत चुनाव के लिए मतदान होने हैं। 11 जुलाई को मतगणना होगी। त्रिस्तरीय चुनाव में करीब 75,000 सीटों पर 5 करोड़ से अधिक मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

## पश्चिम इंफाल में मंत्री किपगेन के सरकारी आवास पर उपद्रवियों ने लगायी आग

**इंफाल, एजेंसी ।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम के लाम्फेल क्षेत्र में बीती रात कुछ उपद्रवियों ने उद्योग मंत्री नेमचा किपगेन के घर को आग लगा दी। किपगेन उन दस कुकी विधायकों में से एक हैं, जिन्होंने अलग प्रशासन की मांग उठाई है।

भाजपा नेता और विधायक का आवास जलाने के साथ ताजा हिंसा की घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब राज्य में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा जारी है। इससे पहले 13 जून को कांगपोकपी जिले के खमेनलोक गांव में फायरिंग और आगजनी में कुल 9 लोगों की मौत हुई थी और 10 लोगों के घायल होने का मामला सामने आया था।

### जेल से बाहर आए गुरनाम चढ़ूनी का हुआ स्वागत, बोले

## मनोहर लाल सीएम के काबिल नहीं, विज या कोई और बने

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा), एजेंसी।** कुरुक्षेत्र में गुरनाम सिंह चढ़ूनी व अन्य किसान नेताओं को कोर्ट की ओर जमानत मिल चुकी है। गुरुवार शाम को जेल से रिहा हुए गुरनाम सिंह चढ़ूनी वह अन्य किसानों का किसानों ने फूल मालाओं व ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया। पीपली देवीलाल पार्क में भी स्वागत होगा। फिर विशाल काफिले के साथ शाहबाद रवाना होंगे। जहां किसान रेस्ट हाउस में भी जोरदार स्वागत किया जाएगा।



गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने जेल से रिहा होते ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल को निशाने पर लिया और बोलो कि यह मुख्यमंत्री पद के काबिल नहीं उनकी जगह अनिल विज व किसी अन्य नेता को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। यह उनकी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से अपील है। उन्होंने कहा कि उन पर व अन्य किसानों पर धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं था। यह मुकदमा पूरी तरह से फर्जी दर्ज किया गया था और जब किसान सड़कों पर उतरे तो सरकार को मुंह की खानी पड़ी। सरकार को सूरजमुखी का भाव भी देना पड़ा तो हमें रिहा भी करना पड़ा। भविष्य में किसानों के किसी भी मसले को लेकर वह चुप नहीं बैठेंगे और किसानों की लड़ाई ऐसे ही लड़ते रहेंगे। वह पहलवानों के आंदोलन को भी समर्थन करते हैं और किसी भी प्रकार से पीछे नहीं हटने वाले हैं।

गत दिवस जेल में बंद चढ़ूनी सहित नौ किसानों की जमानत के लिए याचिका लगाई गई थी और शाम तक संभावना जताई जाती रही कि अदालत फैसला देगी, लेकिन अदालत ने गुरुवार के लिए पुलिस को जवाब देने को लेकर नोटिस जारी किया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेंडर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 88-DRM-MB-23-24 Date 14.06.2023 | 89-DRM-MB-23-24 Date 14.06.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मण्डल अभियन्ता बरेली के अधीन वर्ष 2023-24 के लिए जोन कार्य जोन न. 1 कि0 मी0 1284 से 1323 (पिताम्बरपुर से मिटौरा स्टेशनों) सर्विस एवं आवासीय भवनों में सामान्य कार्य। | सहायक मण्डल अभियन्ता बरेली के अधीन वर्ष 2023-24 के लिए जोन कार्य जोन न. 2 कि० मी० 1323 से 1381 (मिटौरा से मुंडा पाण्डे स्टेशनों) सर्विस एवं आवासीय भवनों में सामान्य कार्य । |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 10.07.2023 16:00 | 10.07.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,20,99,564.55 | 77,99,693.46 |
| धरोहर राशि | 2,10,500.00 | 1,56,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 26.06.2023 | 26.06.2023 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह |

टेन्डर न.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांकः 14.06.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1841/23

# झारखंड से एथलेटिक्स एसेसमेंट कैंप के लिए 52 एथलीटों का चयन



रांची,भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली की ओर से 10 से 12 फरवरी 2023 तक संपन्न राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता, पटना के आधार पर 20 जून से 05 जुलाई तक पूर्वी क्षेत्र जोनल एसेसमेंट कैंप का किया गया है। इसका आयोजन पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कामप्लेक्स, पटना में होगा। अंडर -14 एवं अंडर- 16 आयु वर्ग में झारखंड राज्य से 20 बालिकाओं एवं 32 बालकों समेत कुल 52 एथलीटों का चयन किया गया है। चयनित सभी खिलाडियों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारीयों ने बधाई दी है।बालिका वर्ग में इनका चयन : सिया कुमारी, अदिति दास, अनीशा, स्नेहा कुमारी, रितु कुमारी (बोकारो), प्रेरणा पन्ना, सुगंती (लोहरदगा), सुहानी सिंह, आर्या सिंह (पलामू), लीला टुडू (गोड्डा), तनीषा कुमारी (रामगढ़), प्रियंका कुमारी (गुमला), अंजली कुमारी (हजारीबाग), सबिता मुर्मू, आरती कुमारी, प्रियंका कुमारी (जामताड़ा), क्रांति कुमारी (चतरा), चिंता मनी टूटी (साहेबगंज), सोनम कुमारी (रांची), सानिया प्रवीण (धनबाद)बालक वर्ग : आशुतोष ठाकुर, हेमेंत कुमार, रोहित उरांव, (पलामू),सुरजीत कुमार, रोहित कुमार , रहीम अंसारी, विक्की लोहरा (जामताड़ा), हिमांशू कुमार सिंह (पूर्वी सिंह भूम), रिशु राज, मोनू कुमार (धनबाद), अनित उरांव , आकाश दीप किंडो, साकेत मिंज (गुमला), राहुल बोबोंगा, केसव चंद्र महतो (पश्चिम सिंह भूम), अल्दीप महतो, अमन महतो, निखिल नायक (रांची), प्रयाग महतो (सिमडेगा), विकास महतो, विशाल कुमार, संजीव भारती, रिजवानूल होदा, (बोकारो), संगम कुमार , करण कुमार (गोड्डा), पवन कुमार (लातेहार), अनीस कुमार (साहेबगंज), सूरज कुमार , निशांत भगत (लोहरदगा), अंकित (पूर्वी सिंह भूम), निखिल उरांव (चतरा), धीरज कुमार ( गिरीडीह)।

## 39 साल बाद बना ऐतिहासिक रिकॉर्ड, एक ही टीम के तीन खिलाड़ी पहुंचे शीर्ष पर

नईदिल्ली,वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की है जिसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टेस्ट खिलाडियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। इस रैकिंग में इस बार बड़ी ही हलचल देखने को मिली है। इस रैकिंग में भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करने वाले अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में लंबी छलांग लगाकर 37वें और 94वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

वहीं मीडिया रिपोर्ट की माने तो टेस्ट रैंकिंग में 39 साल बाद एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी बना है। जब एक ही टीम के तीन खिलाड़ी टॉप-3 रैंकिंग में पहुंचे है। ये तीनों खिलाड़ी ही ऑस्ट्रेलिया टीम के है।वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप को जीतने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष तीन स्थान पर है। मार्नस लाबुशेन इस लिस्ट में नंबर एक पर है तो वहीं ओवल में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में शतक जड़ने वाले स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

# एलएकेआर ने रसेल, सुनील नरेन, फर्ग्यूसन और जेसन रॉय के साथ किया करार




लॉस एंजिल्स, ।लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स (एलएकेआर) ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के उद्घाटन सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार खिलाडियों आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, लॉकी फर्ग्यूसन और जेसन रॉय के साथ करार किया है।इनके अलावा एलएकेआर ने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जाम्पा, न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रिले रोसौव के साथ भी करार किया है।एलएकेआर टीम में भारतीय खिलाड़ी उन्मुक्त चंद, यूएसए के जसकरण मल्होत्रा और अली खान भी शामिल हैं। मल्होत्रा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने के लिए जाने जाते हैं।

पिछले महीने, रॉय ने इस गर्मी में यूएसए की एमएलसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुबंध को समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की थी। वह केकेआर के लिए आईपीएल 2023 में एक प्रतिस्थापन खिलाड़ी भी थे।रसेल और नरेन सीपीएल में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और आईएलटी20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स का भी हिस्सा हैं।नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने एक बयान में कहा, हमने एमएलसी के पहले सीजन के लिए एक मजबूत और प्रतिभाशाली टीम तैयार की है, जो उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकती है और दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को खुशी दे सकती है।

उन्होंने आगे कहा,नाइट राइडर्स समूह संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने और दुनिया भर में नए दर्शकों के लिए क्रिकेट के हमारे अनूठे ब्रांड को लाने के लिए तैयार है।एलएकेआर टीम में अली शेख (यूएसए), भास्कर यादराम (वेस्टइंडीज), कॉर्न ड्राई (दक्षिण अफ्रीका), नीतीश कुमार (कनाडा), सैफ बदर (पाकिस्तान) और शैडली वान शल्कविक (दक्षिण अफ्रीका) भी शामिल हैं।एमएलसी 2023 का आयोजन टेक्सास के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में 13 से 30 जुलाई तक होगा, जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी।

# एशिया कप से पहले बीसीसीआई का अर्जुन को बुलावा, हो सकते है टीम का हिस्सा



नईदिल्ली, । आईपीएल में डेब्यू कर चुके सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को लेकर एक अच्छी खबर सामने आई है। अर्जुन टीम इंडिया में एंट्री के लिए जी जान से मेहनत कर रहे है और इसी के बीच टीम इंडिया के चयनकर्ताओं ने अर्जुन को इमर्जिंग एशिया कप से पहले एक खास कैंप के लिए शॉर्टलिस्ट किया है।

रिपोर्ट की माने तो बीसीसीआई सलेक्शन कमेटी के अंतरिम चेयरमैन शिव सुंदर दास ने 20 ऑलराउंडर को चुना है। बताया जा रहा है की इन सभी खिलाड़ियों को उनकी क्षमता और प्रतिभा की वजह से शॉर्टलिस्ट किया गया है। खबरों की माने तो ये सभी 20 खिलाड़ी बैंगलोर के एनसीए में तीन हफ्ते के एक खास ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा होंगे।

रिपोटर्स के अनुसार इस साल इमर्जिंग एशिया कप (अंडर 23) होना है और बीसीसीआई इसके लिए युवा खिलाड़ियों की तलाश कर रही है। ऐसे में ये अनुमान लगाया जा रहा है की इस टीम के लिए अर्जुन का चयन हो सकता है।

# तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 3: भारत ने कंपाउंड वर्ग में 2 कांस्य पदक जीते



मेडलिन, भारत ने बुधवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में पुरुष और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना खाता खोला।

अदिति स्वामी, ज्योति सुरेखा वेनम और परनीत कौर की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला टीम ने टाईब्रेकर में मैक्सिको को 232-232 (29*-29) से हराकर कांस्य जीता।

पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और प्रथमेश जावकर की दूसरी वरीयता प्राप्त तिकड़ी ने मेजबान कोलंबिया को 236-228 से हराकर कांस्य जीता।

अदिति, ज्योति (708) और परनीत (700) की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने क्वालीफिकेशन में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था, लेकिन वह कोरिया (2120) द्वारा बनाए गए टीम वर्ल्ड रिकॉर्ड से सिर्फ एक अंक से चूक गईं। अभिषेक वर्मा, जो विश्व कप के पहले दो चरणों में साइड-लाइन किए गए थे, 707 अंकों के साथ शीर्ष आठ में रहे। देवताले 703 के साथ 13वें स्थान पर रहे जबकि जावकर एक अंक से 19वें स्थान पर रहे। रजत चौहान (698) 28वें स्थान पर रहे। भारतीय कंपाउंड पुरुष टीम ने 2112 अंकों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।

## फिल्मी सफर

# कंगना के होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म टीकू वेड्स शेरू 23 जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी




कंगना रनौत काफी समय से फिल्म टीकू वेड्स शेरू को लेकर सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि यह कंगना के होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म है और इसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का ऐलान तो काफी पहले हो गया था, लेकिन इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई थी। अब नए पोस्टर के साथ-साथ इसकी रिलीज डेट की घोषणा भी हो गई है। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी टीकू वेड्स शेरू।कंगना ने सोशल मीडिया पर नया पोस्टर साझा कर लिखा, पेश है मेरी प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले बनी मेरी पहली फिल्म। प्यार और ठहाकों से भरपूर इस मजेदार सफर के लिए अपनी कमर कस लें क्योंकि टीकू और शेरू अपने बॉलीवुड के ख्वाब का पीछा करते हुए आपको लगातार हंसाने आने वाले हैं। टीकू वेड्स शेरू अमेजन प्राइम वीडियो पर 23 जून से स्ट्रीम होगी। नवाजुद्दीन ने लिखा, टीकू और शेरू लेकर आ रहे हैं अपनी अतरंगी लव स्टोरी।कंगना ने कहा, मणिकर्णिका फिल्म्स के तहत बनी ये पहली फिल्म मेरे लिए बहुत ही खास है। ऐसा पहली बार है, जब मैंने एक निर्माता के रूप में कार्यभार संभाला है और मैंने इस जिम्मेदारी का पूरा आनंद लिया है। यह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन एक अच्छा अनुभव था। उन्होंने कहा, इसमें बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता नवाजुद्दीन हैं। साथ ही अवनीत कौर इसके जरिए बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक फिल्म को अपना प्यार देंगे।21 साल की अवनीत अभिनेत्री, डांसर और मॉडल हैं। उन्होंने डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स से अपने टीवी करियर की शुरुआत की थी और फिल्म मर्दानी से बड़े पर्दे पर कदम रखा था। जल्द ही उन्हें फिल्म लव की अरेंज मैरिज में भी देखा जाएगा।कंगना ने नवंबर, 2021 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर नवाजुद्दीन और अवनीत कौर की पहली झलक साझा कर लिखा था, अपनी प्रोडक्शन कंपनी मणिकर्णिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही टीकू वेड्स शेरू का फर्स्ट लुक सबसे पहले आपके साथ साझा कर रही हूं। यह मेरे दिल का टुकड़ा है। शूटिंग शुरू हो चुकी है। जल्द ही आपसे सिनेमाघर में मिलते हैं। हांलाकि, अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है।कंगना ने जुलाई, 2021 में फिल्म का ऐलान करते हुए कहा था, हमारी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता नवाजुद्दीन फिल्म टीकू वेड्स शेरू की टीम में शामिल हो गए हैं। हम अपने शेर को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। नवाजुद्दीन भी कई दफा कंगना और उनकी इस फिल्म की तारीफ के कसीदे पढ़ चुके हैं।

# राजकुमार हिरानी, संजय दत्त और अरशद वारसी की तिकड़ी साथ आई, लेकिन मुन्नाभाई के लिए नहीं



राजकुमार हिरानी, संजय दत्त और अरशद वारसी बॉलीवुड की सबसे मशहूर तिकड़ी है, जो जब भी पर्दे पर साथ आई, उसने धमाल मचाया है। तीनों की जोड़ी मुन्नाभाई एमबीबीएस और लगे रहो मुन्नाभाई जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती है। लंबे समय से तीनों के साथ आने की अटकलें लगाई जा रही थीं और प्रशंसक भी मुन्नाभाई की तीसरी किस्त का इंतजार कर रहे थे। अब तिकड़ी साथ तो आ रही है, लेकिन किसी और प्रोजेक्ट के लिए।

हाल में आई रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय, अरशद और राजकुमार एक नई परियोजना पर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि यह मुन्नाभाई फ्रेंचाइजी की फिल्म हो सकती है। हालांकि, यह अटकलें गलत निकलीं क्योंकि तीनों सितारे साथ तो आ रहे हैं, लेकिन वह मुन्नाभाई के लिए नहीं होगा। हाल ही में अरशद ने इस बारे में बात करते हुए बताया कि यह सहयोग वास्तव में विज्ञापन शूट के लिए हुआ है। अरशद ने कहा, हम तीनों हाल ही में एक विज्ञापन शूट करने के लिए बहुत लंबे समय के बाद मिले थे और विज्ञापन में हम वैसा ही व्यवहार कर रहा था जैसा वास्तविक में करते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम जब भी मिलते हैं मुन्नाभाई हमेशा चर्चा का विषय होती है। हम सभी इसके अगले भाग पर काम करना चाहते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से यह अभी तक अमल में नहीं आया है। राजकुमार की मुन्नाभाई एमबीबीएस 2003 में आई थी, जिसमें संजय मुन्नाभाई तो अरशद सर्किट के किरदार में नजर आए थे। दोनों को ही फिल्म में काफी पसंद किया गया था। 2006 में फिल्म का दूसरा भाग लगे रहो मुन्नाभआई आया, जिसे भी दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया था। दोनों फिल्में सुपरहिट रही थीं और इसके बाद से ही फिल्म के तीसरे भाग की मांग की जाने लगी।

# ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में नजर आईं अंकिता लोखंडे, फैंस ने तस्वीरों पर लुटाया बेशुमार प्यार



एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे शादी के बाद से और भी ज्यादा ग्लैमरस होती जा रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। ब्लैक कलर की शॉर्ट आउटफिट में एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बेहद ही स्टाइलिस और बोल्ड नजर आ रही हैं। अंकिता लोखंडे की तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई कर रही हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। अंकिता लोखंडे ने ग्लैमरस और बोल्ड फोटोज शेयर करके फैंस के दिलों की धडक़ने बढ़ा दी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को फैंस के साथ साझा करना बिल्कुल नहीं भूलती हैं। साथ ही उनकी ये तस्वीरें उनके फैंस के दिलों की धडक़नें बढाए हैं। अंकिता आज एक जाना माना नाम हैं। लेकिन, इन्हें असली पहचान सीरियल पवित्र रिश्ता से मिली। इस सीरियल के कारण ये घर-घर में पसंद की जाने लगीं। इसके साथ ही अंकिता लोखंडे ने बॉलीवुड की फिल्म बागी 3 और मणिकर्णिका जैसी फिल्मों में भी काम किया है। अंकिता लोखंडे इंस्टाग्राम पर भी कम फेमस नहीं हैं। उन्हें इंस्टा पर 4 मिलियन से ज्यादा फैंस फॉलो करते हैं। अंकिता लोखंडे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाए रहती हैं।

# फिल्म द आर्चीज का नया पोस्टर जारी, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज



अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा, जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान फिल्म द आर्चीज के जरिए बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। इन स्टारकिड्स ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अब निर्माताओं ने फिल्म द आर्चीज का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें सभी कलाकार बेहद अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर द आर्चीज का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, दिल थाम के बैठें क्योंकि द आर्चीज जल्द ही एक्शन में आएगी। फिल्म द आर्चीज भारत के 1960 के दशक की पृष्ठभूमि दिखेगी। इसकी कहानी किशोरों (टीनेज) पर है, जो कुछ दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसका निर्देशन जोया अख्तर ने किया है। वो इससे पहले नेटफ्लिक्स के साथ लस्ट स्टोरीज और घोस्ट स्टोरीज के लिए काम कर चुकी हैं।इस पोस्टर में जहां अगस्त्य नंदा के बगल में शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना पोज देती हुई दिखीं तो वहीं बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर डिफरेंट हेयर कलर किए हुए पोस्टर में नीचे बैठी नजर आईं. इस फिल्म के पोस्टर को शेयर कर खुशी कपूर ने ऐलान कर दिया कि ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है. हालांकि रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया.इस पोस्टर में खुशी कपूर काफी डिफरेंट लुक में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने बालों को शॉर्ट किया हुआ है और डिफरेंट हेयर कलर भी यूज किया. वहीं प्रिटेंड ओपन शर्ट पहने वो मुस्कुराते हुए दिखाई दीं. इस फिल्म को लेकर खुशी कपूर काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं जिसकी वजह खुशी का बॉलीवुड में इस फिल्म से डेब्यू करना है.जहां एक ओर खुशी कपूर इस पोस्टर में डिफरेंट लुक में नजर आई तो वहीं शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना लाइमलाइट खींचती दिखीं.सुहाना इसमें डार्क पर्पल कलर का फुल स्लीव टॉप पहने हुई हैं और उनके बगल में अगस्त्य नंदा पोज देते हुए नजर आए. ये दोनों इस फोटो में इस वजह से भी ध्यान खींच रहे हैं क्योंकि कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही हैं कि ये दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं.


जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com